VISION IAS
M
N 25 OCT 2015
SUBMITTED
RECEIVED

VISION IAS

www.visionias.in

GENERAL STUDIES (TEST CODE : 634)

Name of Candidate	PREMSUKH DELU		
Medium Hindi/Eng.	HINDI	Registration Number	15301
Center	Delhi	Date	25/10/15

INDEX TABLE

Q. No.	Maximum Marks	Marks Obtained
1(a)	10	
1(b)	10	
2(a)	10	
2(b)	10	
3(a)	10	
3(b)	10	
4(a)	10	
4(b)	10	
5(a)	10	
5(b)	10	
6	10	
7	10	
8	10	
9	20	
10	20	
11	20	
12	20	
13	20	
14	20	

Total Marks Obtained:

Remarks:

Signature of Examiner

INSTRUCTIONS

1. Do furnish the appropriate details in the answer sheet (viz. Name, Registration Number and Test Code).
उत्तर पुस्तिका में सूचनाएं भरना आवश्यक है (नाम, प्रश्न-पत्र कोड, विद्यार्थी क्रमांक आदि)।
2. There are FOURTEEN questions printed in HINDI and ENGLISH.
इसमें चौदह प्रश्न हैं तथा हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपे हैं।
3. All questions are compulsory.
सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
4. The number of marks carried by a question/part is indicated against it.
प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।
5. Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate, which must be stated clearly on the cover of this Question-Cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other that the authorized one.
प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश पत्र में किया गया है और उस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यूसीए) पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिए गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।
6. Word limit in questions, if specified, should be adhered to.
प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।
7. Any page or portion of the page left blank in the Question-Cum-Answer Booklet must be clearly struck off.
उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

75, 3rd Floor, Old Rajinder Nagar Market, Near Axis Bank, New Delhi – 110060

103, 1st Floor, B/1-2, Ansal Building, Behind UCO Bank, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi – 110009

EVALUATION INDICATORS

1. Alignment Competence
2. Context Competence
3. Content Competence
4. Language Competence
5. Introduction Competence
6. Structure - Presentation Competence
7. Conclusion Competence

Overall Macro Comments / feedback / suggestions on Answer Booklet:

1.

2.

3.

4.

5.

6.

All the Best

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

SECTION – A

Answer the following questions in not more than 150 words each:

1. (a) Even though women may have equal skills, qualifications and commitment as men, they face much more difficulty in rising up the leadership hierarchy. Discuss the reasons for the same. Also, explain the importance of having gender parity in positions of leadership. 10

पुरूषों के समान कुशलता, योग्यता और प्रतिबद्धता जैसे गुणों से युक्त होने के बावजूद भी महिलाओं को नेतृत्व श्रंखला मे उच्च सोपानों तक पहुँचने के लिए अपेक्षाकृत अधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है। समस्या की पृष्ठभूमि मे निहित कारणों पर चर्चा कीजिये | इसके साथ ही नेतृत्व के विविध स्तरों पर लैंगिक समानता के महत्व का उल्लेख कीजिए।

<u>विभिन्न कठिनाई के कारण :-</u>

(1) पितृसत्तात्मक सोच के कारण आज भी समाज में महिला को घरेलू कामकाजी में बच्चों के पालने पोषने तक सीमित समझा जाता है।

(2) जैविक भिन्नताओं के कारण महिलाओं को विभिन्न कार्यों में आने वाली कठिनाइयों को बढ़ा चढ़ा कर दिखाना

(3) सेना जैसे क्षेत्रों में महिलाओं को उपयुक्त न मानना

(4) समाज में फैली अशिक्षा, रूढ़िवादिता के कारण महिलाएं उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाती हैं

(5) बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या के कारण वह इस स्तर तक पहुँच ही नहीं पाती हैं

लेकिन इन सब बातों के बावजूद आज महिलाएं आगे बढ़ी हैं तथा उन्होंने

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

महत्वपूर्ण पदों को ~~उद्योगि~~ सुशोभित किया है जैसे किरण मजूमदार, इंदिरा नूयी, इंदिरा गांधी, मायावती, जयललिता, इत्यादि

लैंगिक समानता के फलस्वरूप महिलाओं की नीति निर्माण में भागीदारी बढ़ती है उनमें आत्मविश्वास आता है तथा एक अनुमान के अनुसार भारत में महिला भागीदारी बढ़ने से GDP 4% तक बढ़ सकता है इससे महिला आर्थिक, राजनीतिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त होगी।

1. **(b)** All correct decisions are honest and all incorrect decisions are dishonest. Do you agree? How should the correctness and incorrectness of a decision be decided? 10

सभी सही निर्णय ईमानदारी भरे होते हैं ओर सभी गलत निर्णय बेईमानी भरे होते हैं। क्या आप सहमत हैं? किसी निर्णय के सही होने और गलत होने का निर्धारण किस प्रकार किया जाना चाहिए।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

2. (a) Should birth control be a voluntary exercise or a government policy in a country? In this regard, examine the ethical dimensions of having a One Child Policy in India. 10

किसी राष्ट्र में जन्म पर नियंत्रण, स्वैच्छिक प्रयास के माध्यम से होना चाहिए या सरकारी नीति के माध्यम से होना चाहिए? इस संबंध में, भारत में एक बच्चे की नीति के नैतिक आयामों का परीक्षण कीजिए।

राष्ट्र के विकास में वहां की जनसंख्या का महत्वपूर्ण योगदान होता है यदि राष्ट्र की जनसंख्या उच्च हो जाए तो वह उसके लिए समस्या बन जाती है पर अत्यधिक जनसंख्या होने से संसाधनों पर दबाव भी बढ़ता है अतः एक उचित जनसंख्या नीति आवश्यक है

जहां तक जनसंख्या नियंत्रण की बात है एक लोकतांत्रिक राष्ट्र के लिए यह महत्वपूर्ण है इसमें जनसंख्या नीति बनानी चाहिए लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए इसे बाध्यतापूर्ण नहीं बनानी चाहिए अपितु स्वैच्छिक बनाना चाहिए तथा जनता को प्रेरित करना चाहिए तथा सरकार को प्रेरक की भूमिका निभानी चाहिए।

जहां तक बच्चे की बात है भारत की वर्तमान बढ़ती हुई जनसंख्या के संदर्भ में यह महत्वपूर्ण है लेकिन इसे लोकतांत्रिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए बाध्यतापूर्वक नहीं बनानी चाहिए क्योंकि अनैतिक कार्य बढ़ेंगे तथा जहां पहले से ही

पितृसत्तात्मक समाज में यहां कन्याभ्रूण हत्या जैसे मामले बढ़ सकते हैं तथा महिला सशक्तिकरण पर भी बुरा प्रभाव पड़ सकता है।

अतः हमें एक बच्चे की नीति पर ध्यान देना चाहिए लेकिन सेलिब्रिटी एवं महात्मा का काम प्रेरक की भूमिका में एवं विभिन्न प्रोत्साहन देना तथा लोगों की मनोवृत्ति परिवर्तन हेतु विभिन्न प्रयास करने चाहिए तथा साथ ही शिक्षा का स्तर बढ़ाना चाहिए एवं लोगों को छोटे परिवार की महत्ता बताएं तथा उनके अंधविश्वासों, गरीबी और मूलभूत कारणों को दूर करें तो निश्चित रूप से हम आगे बढ़ेंगे।

2. (b) An organisation consists of a variety of individuals with varying values and degrees of motivation. What challenges do leaders face when forging a harmonious work culture in such an organisation? How can leaders engender a sense of inclusion in face of such diversity? 10

एक संगठन का निर्माण अलग-अलग मूल्यों और अलग-अलग अभिप्रेरणा स्तर वाले विविध प्रकार के व्यक्तियों से होता है। इस प्रकार के संगठन में सामंजस्यपूर्ण कार्य-संस्कृति के विकास के मार्ग में नेतृत्व के द्वारा किन चुनौतियों का सामना किया जाता है? इस प्रकार की विविधतापूर्ण स्थिति में नेतृत्व के द्वारा कार्य करने वाले व्यक्तियों में समावेशिता की अनुभूति किस प्रकार समाविष्ट की जा सकती है?

नेतृत्व द्वारा एक श्रेष्ठ कार्यसंस्कृति में निम्न चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।-

(1) संगठन की कार्यकुशलता को बनाए रखना
(2) सभी सदस्यों के मध्य समन्वय स्थापित करना एवं एक टीम के रूप में कार्य करने हेतु प्रेरित करने की चुनौती
(3) विभिन्न विरोधी हितों के टकराव की चुनौती
(4) कार्य का समय पर निष्पादन की चुनौती

अतः हम देखते हैं कि अनेक चुनौतियां पैदा होती है अतः एक श्रेष्ठ कार्यसंस्कृति हेतु निम्न रणनीति अपनाई जा सकती है

(1) सेवा अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करें, विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन करके कार्मिकों में समन्वय की भावना को बढ़ावा
(2) मनोवृत्ति परिवर्तन हेतु विभिन्न लघु फिल्में, नाटकों का आयोजन कर

देशभक्ति एवं एकता से प्रेरित करना

(3) एक आदर्श संहिता बनाकर नेतृत्व स्वयं द्वारा उसका पालन कर एक उदाहरण पेश करना।

(4) श्रेष्ठ कार्य करने वालों को विभिन्न प्रकार के प्रोत्साहन देकर प्रेरित करना एवं गलत करने वालों को दण्ड देकर हतोत्साहित करना।

(5) संगठन की कार्यप्रणाली को पारदर्शी एवं जवाबदेहीपूर्ण बनाना।

इस तरह हम एक संगठन के आदर्श कार्य संस्कृति का निर्माण कर सकते हैं।

VISION IAS™

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

3. (a) Notwithstanding compassion and morality, it is national interest that ultimately determines a country's decisions in international relations. Discuss this statement in the context of the current refugee crisis. 10

दया और नैतिकता जैसे मूल्यों का महत्वपूर्ण स्थान होते हुए भी, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के परिप्रेक्ष्य में अंततः राष्ट्र के निर्णयों को राष्ट्रिय हितों के आधार पर ही निर्धारित किया जाता है | वर्तमान शरणार्थी संकट के संदर्भ में इस कथन पर चर्चा करें।

दया एवं नैतिकता महत्वपूर्ण मूल्य है पर सभी राष्ट्रों द्वारा अपनी विदेश नीति में राष्ट्रीय हितों को ही प्राथमिकता दी जाती है क्योंकि राष्ट्रों के लिए एकता, अखण्डता, संप्रभुता की महत्ता निर्विवाद है

जहां तक शरणार्थी संकट की बात है आज संपूर्ण विश्व इससे जूझ रहा है तथा आयलान कुर्दी की तस्वीर के बाद यह आक्रोश सभी में आ गया है विश्व में, आज जहां यूरोपीय राष्ट्र मध्य-एशियाई शरणार्थियों की समस्या से जूझ रहे वहीं रोहिंग्या, तिब्बती, अफगान, अफ्रीकी शरणार्थियों ने सम्पूर्ण विश्व के सामने चुनौती पेश की है

शरणार्थियों को लेकर विभिन्न राष्ट्रों में रोजगार, शिक्षा, नृजातीय पहचान, आतंकवादी खतरे, संसाधनों पर दबाव को लेकर, अपने देश में लोगों का विरोध को लेकर विभिन्न राष्ट्रों के सामने चिंताएं

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

उभरती है ~~[illegible]~~, जैसे हम भारत के उत्तर पूर्व के क्षेत्र में नक्सलवादी गतिविधियों के कारण पैदा चुनौती के क्षेत्र में देख सकते हैं।

अतः हम देखते हैं कि राष्ट्र के सामने बात केवल दया एवं नैतिकता की ही नहीं शांति एवं अखण्डता की भी उभर जाती है। ~~[illegible]~~

अतः शरणार्थी समस्या के उचित हल के लिए जरूरी है एक शरणार्थी नीति बनाने साथ हमें वैश्विक शांति को बढ़ावा देना होगा। अपने व्यक्तिगत स्वार्थों के लिए लोगों को उजाड़ना करना उचित नहीं है यह पश्चिमी राष्ट्रों, अमेरिका एवं आतंकियों सभी को समझना होगा।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

3. (b) What are the ethical issues involved in climate change negotiations? Suggest some strategies to address the divergence in ethical positions of different nations. 10

जलवायु परिवर्तन पर होने वाली वार्ताओं में समाहित नैतिक मुद्दे क्या हैं? विभिन्न राष्ट्रों के नैतिक मुद्दों से संबंधित दृष्टिकोण में जो भिन्नता है, उसके का समाधान के लिए अपनाई जा सकने वाली रणनीतियों का सुझाव दीजिये।

जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक वार्ताओं में समाहित नैतिक मुद्दे निम्न हैं:-

① ऐतिहासिक दायित्व का मुद्दा अर्थात, जलवायु परिवर्तन के विकसित राष्ट्रों का ज्यादा योगदान है

② विकास का मुद्दा अर्थात विकासशील देशों के सामने गरीबी के दूर करने की चुनौती है लेकिन साथ ही पर्यावरण का ध्यान भी रखना है

③ ~~तकनीकी~~ साथ ही विकसित राष्ट्रों द्वारा अल्पविकसित एवं विकासशील राष्ट्रों को गरीबी दूर करने एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु फंड उपलब्ध कराने एवं तकनीकी हस्तांतरण का भी है जिसमें विकसित राष्ट्रों ने ईमानदारी नहीं दिखाई है

④ प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन का मुद्दा बनाम कुल कार्बन उत्सर्जन का मुद्दा

अतः जलवायु परिवर्तन की वार्ताओं की सफलता हेतु अपनाई जा सकनेवाली रणनीतियाँ

① विकसित राष्ट्रों को अपनी ऐतिहासिक

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

अतः उत्सर्जन क्षमता को देखते हुए विकासशील राष्ट्रों को तकनीकी एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध करवानी चाहिए।

(1) प्रत्येक राष्ट्र द्वारा अपनी स्वैच्छिक कटौती की घोषणा करनी चाहिए उदाहरण भारत द्वारा 2030 तक 2005 से 33-35% कम उत्सर्जन की बात की गई है

(3) विकसित राष्ट्रों को अपने निहित स्वार्थों से ऊपर उठकर काम करने के रूप से द्वीपीय राष्ट्रों की भी माननी चाहिए

(4) विकसित राष्ट्रों की कटौती बाध्यकारी होनी चाहिए।

अतः इस संदर्भ में पेरिस सम्मेलन 2015 महत्वपूर्ण हो सकता है।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

4. (a) Why is there a need for Performance Management System in an outcome oriented government? Evaluate the feasibility of peer review in context of Indian civil services. 10

एक परिणामोन्मुख सरकार में "कार्यनिष्पादन प्रबंधन प्रणाली" की आवश्यकता क्यों है? भारतीय लोक सेवाओं के संदर्भ में "सहकर्मी समीक्षा" (peer review) के औचित्य का मूल्यांकन कीजिए।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

4. (b) Discretionary power in the hands of public servants is a necessary evil. Discuss. 10

लोक सेवकों के हाथों में विवेकाधीन शक्तियाँ एक आवश्यक बुराई हैं। चर्चा कीजिए।

भारत जैसे विकासशील देश में निम्न कारण से विवेकाधीन शक्तियों की आवश्यकता है :-

(1) चूंकि प्रशासकों में अनेक विकास सम्बन्धी एवं प्रशासन सम्बन्धी कार्य करने होते हैं जिनमें कई बार तात्कालिक परिस्थितियाँ पैदा हो जाती है जिन पर निर्णय तात्कालिक रूप से लेना पड़ सकता है अतः विवेकाधीन शक्तियाँ आवश्यक है

(2) भारत विविधताओं से भरा हुआ देश है अतः परिस्थितियाँ न केवल तात्कालिक रूप से पैदा होती है बल्कि इनकी प्रकृति कई बार विशिष्ट एवं जटिल होती है जिनको केवल कानूनों से हल नहीं किया जा सकता है।

(3) विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं के समय, या मानव निर्मित आपदाओं के समय तत्काल निर्णय लेने की आवश्यकता होती है

अतः हम देखते हैं कि विवेकाधीन शक्तियां आवश्यक है लेकिन इन शक्तियों की आड़ में प्रशासकों द्वारा कई बार विभिन्न प्रकार के घोटाले कर दिए जाते हैं

अर्थात् अधिकांश भ्रष्टाचार की जड़ यही विवेकाधीन शक्तियां है जिसे हम विभिन्न घोटालों जैसे 2G, कामनवेल्थ, व्यापम के संदर्भ में देख सकते हैं।

अतः इन विवेकाधीन शक्ति को हम समाप्त तो नहीं कर सकते हैं परंतु इन पर नियंत्रण हेतु हमें निम्न उपाय अपनाने चाहिए

(1) एक नैतिक संहिता का निर्माण होना चाहिए

(2) इसका प्रशासनिक सुधार आयोग भी यही कहता है।

(3) विवेकाधीन शक्ति वाले पदों पर सामान्यतः ईमानदार व्यक्तियों को नियुक्त किया जाना चाहिए जो अपनी साख निष्ठा तथा ईमानदारी हेतु प्रसिद्ध रहे हों (सिविल सेवा आचरण नियमावली 1964, प्रथम योजना आयोग भी ऐसी सिफारिश करते हैं)

5. (a) The landmark judgment by the Supreme Court of India recognized the transgender as a third sex. What attitudes do you notice towards the transgender people in India? Discuss some steps to facilitate a dignified life for the transgender people. 10

भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए ऐतिहासिक निर्णय से ट्रांसजेंडर्स को तृतीय लिंग के रूप में मान्यता दी गई है। आप भारतीय परिस्थितयों में ट्रांसजेंडर्स समुदाय के लोगों के प्रति किन अभिवृत्तियों की अनुभूति करते हैं | ट्रांसजेंडर्स के लिए गरिमापूर्ण जीवन निर्माण की दिशा में उठाए जा सकने वाले क़दमों के संबंध मे चर्चा कीजिए।

हाल में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ट्रांसजेंडर को तृतीय लिंग के रूप में मान्यता देना एवं उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग के लाभ देकर ~~समा~~ समाज की मुख्य धारा में शामिल करने ~~संबंधि~~ संबंधी महत्वपूर्ण पहल है।

भारत में ट्रांसजेंडर संबंधी अभिवृत्तियाँ निम्न हैं :-

(1) उपेक्षापूर्ण व्यवहार : भारत में ट्रांसजेंडर के प्रति उपेक्षा पूर्ण व्यवहार किया जाता है

(2) सामान्य धारा में शामिल नहीं करना अर्थात् कोई व्यक्ति ट्रांसजेंडर को समाज की मुख्य धारा में शामिल नहीं करना चाहता यदि कोई व्यक्ति कभी किसी ट्रांसजेंडर के साथ खड़ा दिखाई देता है तो उनकी हंसी उड़ाई जाती है तथा उन्हें विशेष नजरों से देखा जाता है।

(3) पिछले जन्म के पापों के दण्ड के रूप में देखा जाता है कि इन्होंने पिछले जन्म में बुरे कर्म किए थे अतः इन्हें इस जन्म में भोगना पड़ रहा है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

अतः ट्रांसजेंडर्स के भविष्य के लिए निम्न कदम उठाये जा सकते हैं :-

(1) सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को गंभीरता पूर्वक लागू कर उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग के लाभ प्रदान किए जाए

(2) समाज की मनोवृत्ति बदलने एवं इन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने हेतु विभिन्न नुक्कड़ नाटक, प्रभात फेरियां, स्थानीय भाषा में पेम्पलेट्स के माध्यम से लोगों की मनोवृत्ति बदली जाए।

(3) इनके लिए उचित प्रावास, रोजगार, शिक्षा की व्यवस्था की जाए

(4) विभिन्न राजनीतिक, शैक्षणिक भागीदारी को सुनिश्चित किया जाए

हाल में कलकत्ता में एक किन्नर का स्कूल प्रधानाध्यापिका के रूप में पदभार ग्रहण करना तथा मध्यप्रदेश में नगरपालिका के चेयरमैन का पद ग्रहण इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

5. **(b)** What key characteristics of a person conveying a message make it more persuasive? When celebrities endorse a product, they do so knowing that their endorsement will persuade people to buy it. What duty do they have towards the consumers? 10

संदेश देने वाले व्यक्ति की कौन-सी महत्वपूर्ण विशेषताएँ संदेश को और अधिक आग्रहपूर्ण बनाती हैं? जब ख्याति प्राप्त व्यक्ति किसी उत्पाद का विज्ञापन करते हैं, तो वे ऐसा यह जानते हुए करते हैं कि उनके द्वारा किसी वस्तु का किया गया विज्ञापन, लोगों को वह वस्तु खरीदने हेतु प्रेरित करेगा। इस सन्दर्भ मे उपभोक्ताओं के प्रति उनके क्या दायित्व हैं?

उत्पाद को बेचने में अभिवृत्ति परिवर्तन संबंधी मनोविज्ञान उपयोग में लाया जाता है। एक सौफ्ट "परसुएशन" हेतु संदेशकर्ता में निम्न विशेषताएं होनी चाहिए

(1) विश्वसनीयता: संदेश देने वाला विश्वसनीय होना चाहिए जैसे एक टूथपेस्ट के विज्ञापन में दंत चिकित्सक की सलाह।

(2) आकर्षक: संदेश देने वाले का व्यक्तित्व आकर्षक होने पर प्रभाव ज्यादा अच्छा पड़ता है इसी कारण विज्ञापनों में मॉडल आदि का उपयोग किया जाता है जैसे महिला वस्त्रों के विज्ञापन में ऐश्वर्या राय द्वारा करना।

(3) साथ ही हम देखते हैं कि ख्याति प्राप्त लोगों के द्वारा विज्ञापन करना लोगों को प्रभावित करता है अतः उनके निम्न उत्तरदायित्व बनते हैं:-

(1) हमेशा उत्पाद का विज्ञापन करने से पूर्व अच्छी तरह से देखना चाहिए कि इससे उपभोक्ता के स्वास्थ्य पर

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

बुरा असर तो नहीं पड़ेगा जैसे मादक पदार्थों के विज्ञापन, धूम्रपान का विज्ञापन करने से बचना चाहिए क्योंकि ख्याति प्राप्त लोग युवाओं के रोल मॉडल होते है उदा० अमिताभ बच्चन धूम्रपान विज्ञापन नहीं करते है

(2) विज्ञापन करते समय विज्ञापनकर्ता को उस कंपनी की आचरित्र का भी पता लगाना चाहिए कहीं वह उपभोक्ताओं के साथ धोखा धड़ी तो नहीं कर रही है जैसे शारदा समूह घोटाले में शारदा समूह द्वारा मिथुन चक्रवर्ती से विज्ञापन करवाया गया।

(3) विज्ञापनकर्ता को वस्तु/सेवा की गुणवत्ता का भी ध्यान रख विज्ञापन करना चाहिए

(4) विज्ञापन केवल लाभ प्रेरित नहीं होना चाहिए।

अतः विज्ञापनकर्ता ख्याति को सदैव जनहित एवं जनलाभ को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

6. It is said that child labor cannot be ethical at all. Do you agree? Discuss with respect to the proposed amendments to the Child Labour Act. 10

यह कहा जाता है कि बाल-श्रम किसी भी परिस्थिति में नैतिक नहीं हो सकता। क्या आप सहमत हैं? बाल-श्रम अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों के संदर्भ में चर्चा कीजिए।

हाँ, मैं इस बात से सहमत हूँ कि बाल श्रम किसी भी परिस्थिति में नैतिक नहीं हो सकता है क्योंकि बाल श्रम के माध्यम से हम उन करोड़ों बच्चों में अंतर्निहित संभावनाओं को न केवल दबाते हैं बल्कि उनके मासूम बचपन के साथ भी खिलवाड़ करते हैं।

साथ ही हमारे संविधान का अनु. 23, 24 भी हमें इस बात की अनुमति प्रदान नहीं करता है तथा हम संविधान के अनु. 21(A) में उल्लेखित निःशुल्क एवं बाल शिक्षा के मौलिक अधिकार एवं अनु. 51(क) में वर्णित मौलिक कर्तव्य प्रत्येक व्यक्ति को अंतर्निहित संभावना को विकसित करने के सपना के भी यह बात खिलाफ है।

बच्चों को श्रम कार्यों में नियोजित करने से वे अपनी शिक्षा से भी वंचित हो जाते हैं तथा उनसे स्वास्थ्य शारीरिक श्रम कराने के कारण उनके शरीर का विकास भी उचित ढंग से नहीं हो पाता है।

अतः बाल श्रम को उचित नहीं ठहराया जा सकता

हाल ही में बाल श्रम अधिनियम में संशोधन प्रस्तावित है जिसमें बच्चों को घरेलू कार्यों अर्थात माता-पिता के साथ उनके जीवन को खतरे में नहीं डालने वाले कार्य करवाए जा सकते है का प्रावधान किया जा रहा है वास्तव में देखा जाए तो भारत एक कृषि प्रधान देश है तथा खेती में यदि बच्चे माता पिता का काम में हाथ बटाते हैं तो इसे बुरा नहीं माना जा सकता है साथ ही हर माता चाहते हैं उनका बच्चा सफल बने एवं इन संशोधन में खतरे वाले कार्यों में सहयोग लेने पर प्रतिबंध की बात कही गई है।

लेकिन इसी तरह हमें यह भी ध्यान रखना होगा कहीं इस प्रावधान का दुरुपयोग नहीं हो जाए, एवं बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो इस हेतु हमें मानिटरिंग प्रणाली को भी सुनिश्चितता प्रदान करनी चाहिए।

VISION IAS™

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

7. Are emotions an inhibiting factor in effective decision-making? Discuss in the context of public services. 10

क्या भावनाएं प्रभावपूर्ण निर्णय लेने के मार्ग में बाधक तत्व हैं? लोक सेवाओं के संदर्भ में चर्चा कीजिए।

भावनाएं ऐसी मनःस्थिति होती हैं जिनसे हम अपनी तथा दूसरों की भावनाओं को समझते हैं तथा महसूस करते हैं।

जहां तक लोक सेवाओं के संदर्भ में भावनाओं ~~के बात है~~ ख़तरा (अत्यधिक) के बाधक होने की बात है तो इसे पूर्णतः स्पष्ट नहीं कहा जा सकता है क्योंकि जहां एक ओर भावनाओं के कारण प्रशासक ज्यादा मानवपूर्ण निर्णय नहीं ले पाता है यथा यदि कोई प्रशासक अत्यधिक [illegible] तथा उसका अपने क्रोध पर नियंत्रण नहीं है और वह पुलिस सेवा में है तो हो सकता है वह भीड़ के साथ दुर्व्यवहार कर बैठे।

वहीं दूसरी ओर किसी प्रशासक में लोक सेवा की भावना नहीं है एवं उसके पास एक बुढ़िया पेंशन के लिए आयी है उसके पास कागजात नहीं है तो प्रशासक उसके साथ संवेदनहीन हो सकता है।

Call us : 9650617807, 9968029039
Blog : www.visionias.wordpress.com
Visit us : www.visionias.in
Email : ajay.visionias@gmail.com

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

अतः भावना का प्रशासन में बहुत महत्व है प्रशासन के कमजोर तबके के प्रति संवेदनशील होना तो एक बुनियादी मूल्य है

अतः बात भावना के नहीं होने की तो उठती ही नहीं चाहिए बल्कि बात यह है कि भावना नियंत्रित होनी चाहिए तथा इसका उपयोग बुद्धिमता पूर्ण होना चाहिए यह एक कौशल है जिसे ट्रेनिंग द्वारा प्रशासक में विकसित करना चाहिए।

VISION IAS™

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

8. What do you understand by the Sarvodaya philosophy of Gandhiji? Why is Sarvodaya relevant for civil servants in India? 10

गांधीजी के सर्वोदय दर्शन से आप क्या समझते हैं? भारत में लोक सेवकों के लिए सर्वोदय क्यों प्रासंगिक है?

गांधीजी के सर्वोदय का आशय है सबका सब प्रकार से उत्थान। अर्थात, अमीर, गरीब पुरुष, महिला आदि सभी का उत्थान एवं सब प्रकार से उत्थान का आशय सामाजिक उत्थान, धार्मिक उत्थान, राजनीतिक उत्थान, नैतिक उत्थान।

जहां अमीर आर्थिक रूप से सम्पन्न होते है लेकिन नैतिक एवं आध्यात्मिक रूप से कमजोर होते है वहीं गरीबों का आर्थिक उत्थान आवश्यक है।

साथ ही गांधीजी के सर्वोदय में किसी प्रकार का लिंग भेद नहीं है तथा यह अन्य पूर्ववर्ती एवं समकालीन दर्शनों यथा मार्क्सवाद, डार्विन के योग्यतम की उत्तरजीविता, उपयोगितावाद से श्रेष्ठ है क्योंकि इन सब सिद्धांतों में किसी न किसी के बलिदान की बात है जबकि गांधी के सर्वोदय में सब के हित/कल्याण का निहितार्थ है।

भारत में लोक सेवकों के संदर्भ में सर्वोदय महत्वपूर्ण है क्योंकि

VISION IAS™

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

① भारत एक विकासशील देश है जो विकास की तरफ बढ़ रहा है अतः लोक सेवकों को विकास संबंधी अनेक कार्य करने पड़ते हैं अतः उनमें भ्रष्टाचार की संभावना रहती है।

② भारत में आज भी सामाजिक स्तर पर अनेक विभिन्नताएँ यथा जातिवाद, छुआछूत, लिंग भेद विद्यमान है।

③ हमारा देश विविधताओं से भरा हुआ है अतः इन विविधताओं के मध्य एकता लाने हेतु।

④ हमारे देश में आज भी अमीरी-गरीबी, ग्रामीण-शहरी विभाजन मौजूद है।

⑤ विकास संबंधी विषमताएं, पर्यावरणीय समस्याएं, क्षेत्रवाद, साम्प्रदायिकता जैसी समस्याओं का हल सतत, त्वरित, समावेशी विकास हेतु।

⑥ राजनीति के अपराधीकरण को रोकने हेतु

अतः आज गांधी का सर्वोदय हमारे लिए श्रेयस्कर है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

SECTION – B

In the following questions, carefully study the cases presented and then answer the questions that follow (in around 250 words):

9. You are the leader of a 5 member team that has been assigned to carry out social impact assessment of a project proposed in a Naxal area. Members have been allotted a remote village each to conduct surveys and ascertain views of local people. You are under strict instructions not to disclose the identity of respondents outside the project. While compiling data, you are puzzled by the responses from one of the villages. You accompany the point-person for that village next day for verification. You randomly pick a person from the list of respondents and ask her for clarification of the response she had given earlier. She seems confused and denies any knowledge of the survey being conducted, let alone she being questioned. You try to verify this from other respondents and get similar replies. This raises serious doubts about the integrity and credibility of the survey process.

(a) What are the ethical issues involved in the situation?

(b) As a team leader accountable for credibility of the survey and working on a hard timeline, what are the possible options before you? List their merits and demerits.

(c) Giving reasons, state the course of action you would follow. 20

आप एक पांच सदस्यीय टीम के नेतृत्वकर्ता हैं , जिसे नक्सल क्षेत्र में प्रस्तावित एक परियोजना के सामाजिक प्रभाव आंकलन का कार्य सौंपा गया है। सर्वेक्षण करने और स्थानीय लोगों के दृष्टिकोण का पता लगाने के लिए प्रत्येक सदस्य को एक सूदूरवर्ती गांव आवंटित किया गया है। आपको सख्त निर्देश दिए गए हैं कि उत्तरदाताओं की पहचान को परियोजना से बाहर प्रकट नहीं किया जाए। आंकड़ों को संकलित करते समय, आप एक गाँव से प्राप्त उत्तरों से उलझन में पड़ जाते हैं। आप उस गाँव हेतु नियुक्त व्यक्ति (प्वाइंट पर्सन) के साथ अगले दिन सत्यापन करने जाते हैं। आप उत्तरदाताओं की सूची में से यादृच्छिक रूप से एक व्यक्ति का चयन करते हैं और उससे कहते हैं कि वह पहले दिए गए अपने उत्तरों का स्पष्टीकरण करे। वह कुछ भ्रमित प्रतीत होती है और न केवल स्वयं से प्रश्न पूछे जाने, वरन् सर्वेक्षण किए जाने के संबंध में जानकारी होने तक की बात भी नकारती है। आप इस तथ्य को अन्य उत्तरदाताओं से सत्यापित करने का प्रयास करते हैं और एक समान उत्तर प्राप्त करते हैं। यह सर्वेक्षण प्रक्रिया की सत्यनिष्ठा और विश्वसनीयता पर गंभीर संदेह पैदा करता है।

(a) इस परिस्थिति से सम्बंधित नैतिक मुद्दे क्या हैं?

(b) आप इस टीम के नेतृत्वकर्ता के रूप में सर्वेक्षण की विश्वसनीयता हेतु और निश्चित समय-सीमा के अंतर्गत कार्य पूर्ण करने हेतु उत्तरदायी हैं | ऐसे में आपके सामने संभावित विकल्प क्या हैं? उन विकल्पों के लाभ और हानियों को सूचीबद्ध कीजिए।

(c) इस संबंध में आपके द्वारा की जाने वाली कार्यवाही का उल्लेख करें | इसके साथ ही कारण को भी स्पष्ट करें।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

मेरे सामने नैतिक मुद्दे :-
1. सामाजिक प्रभाव आकलन की विश्वसनीयता
2. गांव के लोगों के हित
3. अपनी टीम की सत्यनिष्ठा

मेरे पास उपलब्ध विकल्प
1. टीम सदस्य द्वारा उपलब्ध कराए गए उत्तरों को मान लूँ एवं आगे बढूँ। इस विकल्प को अपनाने से मेरे काम समयबद्ध होगा व का दबाव भी कम होगा पर अभी तक जो काम मुझे सौंपा गया है उसमें एक सिविल सेवक होने के नाते मुझसे दक्षता, ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता, विश्वसनीयता, पारदर्शिता की अपेक्षा की जाती है अतः इस दृष्टि से यह विकल्प उचित नहीं है साथ ही यह विकल्प सिविल सेवा आचरण नियमावली 1964, संवैधानिक दायित्वों के भी विरुद्ध है एवं साथ उस क्षेत्र के लोगों की आजीविका भी जुड़ी हुई है।

2. टीम के सदस्य को पुनः आकलन का कहूँ। यह विकल्प इस नियम से तो उचित है कि पुनः आकलन से उस क्षेत्र की सही जानकारी सामने आएगी लेकिन चूँकि मुझे समय पर रिपोर्ट भी देनी है अतः इसमें पुनः समय लगेगा।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

इस दृष्टि से यह उचित नहीं था या मसलों

(3) स्वयं ओवरलैप करूँ तथा टीम के सदस्य पर कड़ी कार्यवाही की सिफारिश करूँ तथा साथ ही अतिरिक्त समय निकालकर अन्य सदस्यों को निर्देशन देता रहूँ। यह विकल्प इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि इससे मेरी विश्वसनीयता बनी रहेगी तथा चूँकि परियोजना पहले से ही नक्सल प्रभावित इलाके से है अतः उस क्षेत्र को उचित ओवरलैप से सेवा मेरी सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, कार्य के प्रति प्रतिबद्धता भी बनी रहेगी साथ ही लोगों का प्रशासन पर विश्वास और बढ़ेगा जो किसी नक्सल क्षेत्रों में सबसे ज्यादा कमी दिखाई देती है साथ ही टीम सदस्य पर कड़ी कार्यवाही करके उसे दण्ड देना भी उचित होगा क्योंकि उसने लापरवाही बरती है तथा सिविल सेवा के बुनियादी मूल्य सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता का उल्लंघन किया है साथ ही सिविल सेवा आचरण नियमावली 1964 में वर्णित प्रत्येक सिविल सेवक कार्य को उच्च गुणवत्ता से संपादित करेगा की भी अनदेखी की है।

अतः मैं तीसरे विकल्प को चुनूँगा क्योंकि इससे टीम की विश्वसनीयता, सत्यनिष्ठा

एवं ईमानदारी बनी रहेगी साथ ही दोषी को दण्ड भी मिलेगा तथा अतिरिक्त समय में कार्य का कार्य को समय पर पूरा किया जाने की बात है तथा साथ ही कार्य की गुणवत्ता प्रभावित न हो इसलिए कर्मों को समय समय पर निरीक्षण एवं जाँच की बात भी कर विश्लेष में है साथ ~~[illegible]~~ में इस बात से उच्च अधिकारियों को अवगत भी कराऊँगा ताकि ~~सामाजिक~~ संगठित प्रतिबद्धता बनी रहे एवं इससे जवाबदेहीता एवं ~~स्वच्छ~~ पारदर्शिता सुनिश्चित होगी साथ ही मैं उनसे समयावधि बढ़ाने का विनम्र अनुरोध भी करूँगा ताकि पूर्ण गुणवत्ता के साथ रिपोर्ट दे सकूँ

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

10. Gajendra, once a struggling film actor, was accused and later exonerated of rape charges, which the jury found out to be motivated and fake. Not able to cope up with the situation, he changed profession and moved on. Thirty years later, while his closest friends know about the incident but his co-workers do not. One day, out of curiosity, he searches for his name on the internet, and to his surprise, finds that the third entry that comes up is an old report in a local newspaper about the rape charges he faced.

Gajendra is upset; after all these years, he would like to be able to disclose the event only to whomever he wants. He has heard about the decision of European Court of Justice which allows individuals to submit requests to a search engine to remove certain results from searches on their names, and citing the same, requests the search engine and media outlet to remove the results.

Valid arguments can be advanced for making the Right to be Forgotten a fundamental right? What those arguments could be? What limitations, if any, can it be subjected to? Should there be any obligations on the search engines regarding cases which are no longer relevant, as the one mentioned above? 20

गजेन्द्र एक संघर्षरत फिल्म अभिनेता था। पहले तो उसे अभियुक्त बनाया गया और फिर बाद में उसे बलात्कार के आरोपों से मुक्त कर दिया गया। इन आरोपों को न्यायिक पीठ ने दुर्भावना से अभिप्रेरित और झूठा पाया। इस स्थिति का सामना न कर पाने के कारण उसने अपने पेशे में परिवर्तन करते हुए आगे का जीवन निर्वाह किया। तीस वर्ष पश्चात्, उसके घनिष्ठतम मित्रों को इस घटना के बारे में पता है किन्तु उसके सहकर्मी इस बात को नहीं जानते हैं। एक दिन उत्सुकतावश वह इंटरनेट पर अपने नाम की खोज करता है और आश्चर्यजनक रूप से यह पाता है दृष्टिगत तीसरी प्रविष्टि एक स्थानीय समाचारपत्र में उसके द्वारा सामना किए गए बलात्कार के आरोपों के बारे में एक पुरानी रिपोर्ट की है।

गजेन्द्र परेशान है; इतने वर्षों के बाद, वह इस घटना को केवल अपनी पसंद के लोगों के समक्ष प्रकट करना चाहेगा। उसने यूरोपीय न्यायालय के उस निर्णय के बारे में सुना है, जो व्यक्तियों को अपने नाम से की जाने वाली खोज संबंधी कुछ परिणामों को हटाए जाने हेतु सर्च इंजन को निवेदन प्रस्तुत करने की अनुमति प्रदान करता है और उसी का उद्धरण देते हुए, सर्च इंजन और मीडिया आउटलेट को परिणामों को हटाए जाने हेतु निवेदन करता है।

क्या "भुला दिए जाने के अधिकार" को मौलिक अधिकार बनाने हेतु वैध तर्क दिए जा सकते हैं? वे तर्क क्या हो सकते हैं? यदि उनकी कोई सीमाएं हैं तो वे सीमाएं क्या होंगी? ऊपर उल्लिखित प्रकरण की भांति अन्य अप्रासंगिक प्रकरणों के संबंध में क्या सर्च इंजनों का कोई दायित्व होना चाहिए?

उत्तर गुणवत्तापूर्ण जीवन जीने के अधिकार में भुला दिए जाने का अधिकार भी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाता है इस संदर्भ में निम्न तर्क दिए जा सकते हैं

(1) जिस तरह अभिव्यक्ति की आजादी में वह

क्या अभिव्यक्त करना चाहता है उसका मौलिक अधिकार है उसी प्रकार क्या याद नहीं रखना है यह भी अनु० 19(1)(a) के तहत मूल अधिकार होना चाहिए

(2) प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता के अधिकार अनु० 21 में भुलाने के अधिकार बिना गुणवत्ता पूर्वक जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है

(3) निजता का अधिकार मानव गरिमा एवं स्वतंत्र जीवन से जुड़ा है तो इसमें भुलाने का अधिकार भी शामिल होना चाहिए

(4) बेल्जियम के नागरिक के विरुद्ध में यूरोपीय न्यायालय द्वारा भी भुलाने के अधिकार को मूल अधिकार माना है।

जहाँ तक इसकी सीमा की बात है तो निम्न सीमाएं हो सकती हैं :-

(1) चूंकि संविधान के अनु० 226 के अंतर्गत उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय रिकॉर्ड न्यायालय है अतः इनका हर फैसला एक कानून है अतः इसे छिपा नहीं सकते है।

(2) केस स्टडी में ऐसे मामले उपयोगी हो सकते हैं

(3) अभी तक संपूर्ण विश्व में इस विषय में कोई सर्वमान्य कानूनी ढांचा बना

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

नहीं है।

(4) रोजगार तकनीकी के युग में यह बहुत कठिन कार्य है।

जहाँ तक गूगल देखने के दायित्व की बात है तो निम्न दायित्व बनते हैं -

(1) वे व्यक्ति की निजता के स्वीकार करें तथा एक ऐसी प्रणाली विकसित करें जिसमें कोई व्यक्ति कोई ऐसी बात जो सार्वजनिक न करना चाहे उसे तुरंत लिखित सूचना प्राप्त होते ही हटा दें।

(2) किसी व्यक्ति से संबंधित सूचना एवं सामग्री जारी करते समय उसको उसके बारे में जानकारी देनी चाहिए तथा उसके आज्ञा ~~लेनी~~ लेने की प्रणाली विकसित करनी चाहिए।

अंततः इस तकनीकी का विकास मानवजीवन को आनंददायी बनाने के लिए हुआ है न कि परेशानी के लिए।

VISION IAS™

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

11. You are the officer in charge of overseeing refugees' related issues in a multilateral humanitarian organisation. There is an ethnicity based civil war going on in a region and as a result, many people are being displaced. Hitherto, the economically better-off neighbouring countries have accommodated the streams of migrants with financial support from your organisation. The violence in the region has increased recently and the flux of people seeking refuge has grown substantially. With countries sealing their borders, the refugees are left in a vulnerable situation. You are sent to negotiate for humanitarian settlement of refugees with the neighbouring countries, who also happen to be a powerful economic bloc. However, they refuse any more accommodation on the following grounds:

(a) Drainage of resources in face of subdued economic conditions.

(b) Domestic political repercussions.

(c) Rehabilitation will encourage more influx and indirectly fuel the persecutors.

(d) Permanency of settlement in face of better prospects than at home.

What are the counter-arguments that can be cited to convince the countries for an immediate solution? Suggest some long term measures as well that should be followed to address the problem. 20

आप एक बहुपक्षीय मानवतावादी संगठन में शरणार्थियों से संबंधित मुद्दों के निरीक्षण हेतु प्रभारी अधिकारी हैं। एक क्षेत्र में नस्ल आधारित गृहयुद्ध छिड़ा हुआ है, परिणामस्वरूप अनेक लोग विस्थापित हो रहे हैं। अभी तक, आर्थिक रूप से बेहतर स्थिति वाले पड़ोसी देशों ने आपके संगठन से प्राप्त वित्तीय सहायता से प्रवास करने वाले लोगों के जत्थों को स्थान दिया है। हाल ही में क्षेत्र में हिंसा बढ़ गयी है और शरण चाहने वाले लोगों का प्रवाह अत्यधिक बढ़ गया है। देश अपनी सीमाओं को सील कर रहे हैं, जिससे शरणार्थी सुभेद्य स्थिति में हैं। आपको उन पड़ोसी देशों से शरणार्थियों हेतु मानवतावादी आधार पर रहने की व्यवस्था करने हेतु वार्ता के लिए भेजा गया है। वे पड़ोसी देश आर्थिक रूप से शक्तिशाली गुट हैं। हालांकि वे निम्नलिखित आधारों पर और अधिक शरणार्थियों को स्थान देने से मना कर सकते हैं:

(a) गिरती हुई आर्थिक स्थिति करने के कारण संसाधनों की कमी।

(b) घरेलू राजनैतिक प्रभाव।

(c) पुनर्वास और अधिक अंतर्वाह को प्रोत्साहित करेगा और अप्रत्यक्ष रूप से उत्पीड़कों या अत्याचारियों को उत्तेजित करेगा।

(d) अच्छी संभावनाओं के कारण अपने मूल देश की अपेक्षा यहीं पर स्थायी रूप से बस जाना।

इन विकल्पों के विपक्ष मे दिए जाने वाले तर्क कौन से हैं, जिनके माध्यम से राष्ट्रों को तत्काल समाधान के लिए राजी किया जा सकता है। कुछ दीर्घावधिक उपायों का सुझाव भी दीजिए जिनका समस्या के समाधान के लिए पालन किया जाना चाहिए।

विकल्प (a) गिरती हुई आर्थिक स्थिति के कारण संसाधनों में कमी। इस विकल्प के विपक्ष में यह तर्क दिया जा सकता है कि मानव जीवन बेहद मूल्यवान है तथा इसे बचाना चाहिए

है साथ ही शरणार्थियों को शरण दिए जाने से भागी नहीं है कि राष्ट्र पर बोझ बनें वे अपनी क्षमता एवं मेहनत के बल पर राष्ट्र की आर्थिक प्रगति में अपनी भागीदारी निभा कर राष्ट्र को नई ऊँचाइयों तक भी ले जा सकते हैं तथा श्रम निर्माणों का निर्माण भी हो सकते हैं।

विकल्प (b) चालू राजनीतिक प्रयास। इस विकल्प के विपक्ष में यह तर्क दिया जा सकता है कि लोकतांत्रिक राष्ट्रों में राजनीतिक दलों के बीच वैचारिक मतभेद हो सकते हैं पर उनमें विभिन्न संयुक्त बैठकों के माध्यम से एक उपयुक्त हल भी निकाला जा सकता है तथा जनमत को भी इस दिशा में प्रेरित किया जा सकता है हां, यह कठिन अवश्य है लेकिन असंभव तो नहीं है।

विकल्प (c) जहां तक संदिग्ध आतंकवादी एवं अप्रत्यक्ष रूप से उत्पीड़कों को उत्तेजित करने की बात है तो इसके विपक्ष में यह कहा जा सकता है और आतंक के भय से भागे हुए लोगों के साथ तो खिलवाड़ नहीं किया जा सकता है तथा यह भी हो सकता है इससे आतंकवादियों पर कार्यवाही न करने का दबाव बढ़े।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

विकल्प (4) अच्छी भावनाओं के आधार स्थायी रूप से बस जाने के विपक्ष में यह तर्क दिया जा सकता है कि राष्ट्र अपनी एक तात्कालिक एवं दीर्घकालिक नीति बना सकता है जिसमें तात्कालिक रूप से शरण दे लेकिन दीर्घकालिक नीति में वैश्विक समुदाय पर इस दिशा में दबाव डाले के शांतिपूर्ण कार्य करके चाहिए तथा संयुक्त राष्ट्र सेना आदि के माध्यम से उचित शांति स्थापित करवाकर लोगों को पुनः अपने देश में पुनर्वास किया जा सकता है जैसा भी हो जाए क्योंकि अपनी मातृभूमि से एक नैसर्गिक लगाव होता ही है।

~~इस दीर्घकालिक उपाय~~

अतः हम निम्न दीर्घकालिक उपाय कर सकते हैं।

(1) वैश्विक शांति संस्थाओं को और मजबूत बनाकर, उनकी कार्यवाही एवं पद्धति को तेज और लोकतांत्रिक बनाना होगा।

(2) आतंकी गतिविधियों के प्रति एक वैश्विक रणनीति एवं आतंकी गुटों एवं आतंक प्रोत्साहित करने वाले राष्ट्रों

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

का अंतर्राष्ट्रीय बहिष्कार करे

(3) आतंकी गुटों के फंडिंग स्रोतों पर प्रभावी नियंत्रण लगाना।

(4) राष्ट्रों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करना अर्थात् पंचशील अपनाकर

(5) शरणार्थी संबंधी एक वैश्विक नीति बनाना।

VISION IAS™

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

12. You are a Divisional Forest Officer (DFO) in an urban district. The forest cover in the district is as low as 11% and it needs to be increased as per government guidelines. By ecological and environmental perspective also it is imperative that more trees should be planted.

However, you find out that while there is a grant of Rs. 1.5 crore for your division to plant trees under the Hariyali Scheme, most of this fund is lying unused. Since, it is December and as per government rules all the unused grant should be returned to the government as the financial year closes, it seems you will have to return the money completely.

Also, there are strong indications from the ministry that government is mulling over a budgetary cut on Hariyali mission because most of the funds go unused. There is a strong possibility that if you return the money in this financial year you wont get it in the next financial year and even if you get, it will be a very insignificant amount.

Indicate various options that you think are available in this situation. Evaluate these options and choose the most appropriate path to be adopted? 20

आप एक शहरी जिले में मंडल वन अधिकारी (डी.एफ.ओ.) हैं। जिले में वनाच्छादन 11 प्रतिशत कम है और इसे सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार बढ़ाया जाना है। पारिस्थितिकीय एवं पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी अधिक संख्या में वृक्षारोपण किया जाना अनिवार्य है।

यद्यपि आप यह पाते हैं कि आपके मंडल (डिवीजन) में हरियाली योजना के अधीन वृक्षारोपण हेतु 1.5 करोड़ रुपए का अनुदान है, लेकिन इस फंड का अधिकांश भाग अप्रयुक्त है। चूंकि यह दिसंबर का महीना है और सरकारी नियमों के अनुसार, समस्त अप्रयुक्त अनुदान सरकार को लौटा दिया जाना चाहिए क्योंकि वित्तीय वर्ष समाप्त हो जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि आपको पूरी राशि लौटानी होगी।

साथ ही, मंत्रालय से इस बात के निश्चित संकेत हैं कि सरकार हरियाली योजना के अंतर्गत बजट कम करने पर विचार कर रही है क्योंकि फंड का अधिकांश भाग अप्रयुक्त रह जाता है। इस बात के निश्चित संकेत हैं कि यदि आप वित्तीय वर्ष में राशि लौटाते हैं तो अगले वित्तीय वर्ष में यह आपको नहीं मिलेगा और यदि मिल भी जाता है तो वह राशि बहुत कम होगी।

स्वंय के अनुसार इस स्थिति में उपलब्ध विभिन्न विकल्पों के संबंध में बताएं। इन विकल्पों का मूल्यांकन करें और अपनाए जा सकने वाले सर्वाधिक उपयुक्त मार्ग का चयन करें।

विकल्प (1) ~~[illegible]~~ पूरी राशि को लौटा दूं। कानून पर उचित है तथा इससे मैं वित्तीय रूप से पाक साफ रहूंगा तथा मेरे ऊपर वित्तीय अनियमितता के आरोप भी नहीं लगेंगे। लेकिन इसी तरह मैं ऐसे क्षेत्र का मण्डल वन अधिकारी हूं जहां मात्र 11% ही वन क्षेत्र है ~~[illegible]~~ साथ ही अगले वर्ष अनुदान

राशि में कमी के भी संकेत हैं अतः यदि मैं पूर्ण राशि लौटाता हूँ तो मैं वनारोपण नहीं कर सकता हूँ अर्थात मैं अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण ईमानदारी, सत्यनिष्ठा से नहीं निभा रहा हूँ तथा साथ ही मार्ग एवं उद्देश्य एवं नागरिक केन्द्रित प्रशासन के भी विपरीत है क्योंकि यहां मैं नागरिक कल्याण न देकर प्रक्रिया को ज्यादा महत्व दे रहा हूँ

विकल्प (2) राशि नहीं लौटाऊँ तथा सम्पूर्ण राशि का उपयोग कर लूँ। इस विकल्प से वृक्षारोपण हो जाएगा तथा राशि का भी उचित उपयोग होगा लेकिन चूंकि ऊपर से राशि वापस लौटाने का आदेश है अतः ऐसा करना नागरिक प्रतिबद्धता के विपरीत तो है ही सिविल सेवा आचरण नियमावली 1964 के अनुसार भी गैर वैधानिक होगा साथ ही इसके सिलसिले में गलत धारणा पड़ेगी एवं मेरे स्वयं के ऊपर वित्तीय अनियमितता जैसे आरोप भी लग सकते हैं।

विकल्प (3) राशि को लौटा दूँ लेकिन उस क्षेत्र के वनों की ~~...~~ वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट बनाकर भेजूँ तथा साथ ही उस राशि को अगले वर्ष दी जाने वाली राशि

के साथ साथ उसे पुनः हरियाली योजना में देने की विनम्र निवेदन करूंगा। इससे एक तरफ मेरी सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, वस्तुनिष्ठता बनी रहेगी तथा उच्च अधिकारियों को भी वास्तविक स्थिति का पता चलने पर एवं राशि के उचित उपयोग का निवेदन करने पर अगले साल की हरियाली परियोजना में इसे पुनः भी प्रदान किया जा सकता है।

अतः मैं तीसरे विकल्प को चुनूंगा।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

13. You, an anthropologist, have developed cordial relations with a tribal community which was hitherto isolated from rest of the humanity. Notwithstanding increased interest of researchers and media for the newly discovered tribe, you are the only person from outside whom they trust. They are ardent believers in their goddess and, trusting you, take you to her abode on a holy mountain. To your surprise, you find that the mountain is a reservoir of Uranium that can be used in your power-starved country's nuclear power plants. Besides, you are aware that Uranium being radioactive, it is highly risky to go near the mountain. You try to convince the people about harmful effects it can have and the utilitarian value that it possess for the country. However, they are in no mood to argue and politely ask you to leave. You fear that very soon the outside world will find about this and the vulnerable tribe would be displaced from their land.

(a) Evaluate the following courses of action which you can take for their ethical merits and demerits:

i. You would continue to convince the people yourself about the possible consequences and urge them to relocate.

ii. You would call in local and national NGOs for protecting the rights of the people against the State and file a PIL in Supreme Court if the State proceeds with dispossession.

iii. You would yourself tell the government and the scientific community about the reserves and let them proceed in their own way.

(b) Without restricting yourself to the above options, state the course of action that you would take and why? 20

आप एक नृविज्ञानी हैं और आपने वैसे जनजातीय समुदाय के साथ मधुर संबंध बनाए हैं जो अब तक शेष मानवजति से पृथक था। नई खोजी गई जनजाति में मीडिया और शोधकर्ताओं की बढ़ती रूचि के पश्चात् भी आप अकेले ऐसे बाहरी व्यक्ति हैं जिन पर वे विश्वास करते हैं। वे अपनी देवी के अनन्य उपासक हैं और आप पर विश्वास करते हुए एक दिन वे आपको एक पवित्र पहाड़ पर स्थित उसके वास स्थल पर ले जाते हैं। आप इस बात से आश्चर्यचकित हो जाते हैं कि वह पहाड़ यूरेनियम का भंडार है जिसका उपयोग ऊर्जा की कमी से जूझते आपके देश के नाभकीय ऊर्जा संयंत्रों में किया जा सकता है। साथ ही, आप इस बात से भी अवगत हैं कि यूरेनियम के रोडियोधर्मी होने के कारण पहाड़ के निकट जाना अत्यधिक संकटपूर्ण है। आप लोगों को इसके क्षतिकारक प्रभावों और राष्ट्र के लिए इसकी उपयोगिता के मूल्य के संबंध में समझाने का प्रयास करते हैं। चूंकि वे अभी किसी तर्क-वितर्क की मुद्रा में नहीं हैं और आपसे सविनय चले जाने को कहते हैं। आपको इस बात का भय है कि शीघ्र ही बाह्य जगत इस संबंध में जान जाएगा और सुभेद्य जनजातीय लोग अपनी भूमि से विस्थापित हो जाएंगे।

(a) नैतिक औचित्य और अनौचित्य के आधार पर आपके द्वारा उठाए जाने वाले कदम का मूल्यांकन करें:

i. आप लोगों को संभावित परिणामों के संबंध में समझाना जारी रखेंगे और उन्हें पुनर्स्थापित होने को प्रेरित करेंगे।

ii. आप राज्य के विरुद्ध निवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए स्थानीय एवं राष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठनों को आमंत्रित करेंगे और यदि राज्य निर्वासन की दिशा में बढ़ता है तो आप सर्वोच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका प्रस्तुत करेंगे।

iii. आप स्वयं सरकार एवं विज्ञान जगत को भंडार के संबंध में बताएंगे तत्पश्चात उन्हें उनकी इच्छानुसार कार्यवाही के लिए स्वंतत्र छोड़ देंगे।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(b) अपने आपको उपर्युक्त विकल्पों तक सीमित न करते हुए, उन उपायों को बताएं जिन्हें आप अमल में लाना चाहेगें। ऐसा करने का कारण भी बताएं।

विकल्प (1) यह विकल्प इस विषय में एक उचित विकल्प है कि लोगों को समझाना जारी रखूंगा इसके फायदे यह है कि यूरेनियम के खनन से उस जाति पर पड़नेवाले दुष्प्रभाव से उन लोगों को बचा लूंगा तथा साथ ही राष्ट्र के लिए बढ़ती हुई ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक स्रोत उपलब्ध हो जाएगा। परंतु इसके एक जनजाति जो इस क्षेत्र में निवास कर रही है उनके विस्थापित होने का भय है साथ ही चूंकि वह अभी लोगों में घुली मिली भी नहीं है तो इन लोगों के साथ वह विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य, सामाजिक, आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़े। साथ ही उनके अस्तित्व पर भी खतरा आ सकता है।

विकल्प (2) यह विकल्प जनजाति के अधिकारों की सुरक्षा की दृष्टि से उचित है तथा ऐसा करने से जनजाति के अधिकार सुरक्षित हो सकते है लेकिन साथ ही यहां कुछ समस्याएं भी पैदा हो सकती है जैसे

तस्करों का यहां पर प्रभाव बढ़ जाए तथा गैर कानूनी गिरोहों को आमंत्रित करने से हो सकता है उस क्षेत्र में आवाजाही बढ़ जाए जो पर्यावरण एवं लोगों के स्वास्थ्य दोनों की दृष्टि से हानिकारक हो तथा लोगों की आजीविका भी विपरीत रूप से प्रभावित होगी तथा मेरी विश्वसनीयता पर भी अंगुली उठेगी क्योंकि मैंने आदिवासियों की विश्वसनीयता को तोड़ा है।

विकल्प (3) यह विकल्प समाज की ऊर्जा जरूरत पूरी करने के संदर्भ में तो उपयुक्त है लेकिन चूंकि आदिवासियों ने मेरे पर विश्वास करके मुझे इस बारे में जानकारी दी अतः सरकार की इच्छा उनका कार्यवाही पर छोड़ना विश्वासघात तो होगा ही साथ ही यह मेरी पलायनवादी प्रवृत्ति को भी दर्शाता है।

अतः मैं आदिवासियों को समझाने वाली रखूंगा तथा साथ ही साथ उनका विश्वास और अर्जित करने का प्रयास करूंगा इस दिशा में मैं विभिन्न नवाचारी उपाय के रूप में आधुनिक उपकरणों यथा टेबलेट के माध्यम से उन लोगों को कुछ ऐसी आदिवासी जातियों के बारे दिखाकर उनके सामान्य लोगों के साथ मेलजोल बताकर तथा

विभिन्न पोस्टरों, नाटक करके उनकी अभिवृत्ति में परिवर्तन लाने का प्रयास करूँगा। तथा उनकी स्थानीय भाषा में उन्हें ~~समझ~~ समझाने, पढ़ाने का प्रयास करूँगा। तथा उनमें यह विश्वास दिलाने का प्रयास करूँगा। कि लोग उनके सहयोगी है दुश्मन नहीं।

साथ ही सरकार से तात्कालिक रूप से उन लोगों के लिए उचित स्वास्थ्य शिक्षा की व्यवस्था की सुधारिश करूँगा। तथा जब तक लोग एक सामान्य जीवन की समझ पैदा न कर लें तब तक वहां दखल न करने हेतु निवेदन करूँगा। साथ ही उन लोगों में सामान्य शिक्षा के बाद उनके लिए वैकल्पिक रोजगार के अवसर पैदा करने के बाद वहाँ पर पेसा अधिनियम के तहत विशेष ग्राम सभा आदि से अनुमति लेना उसके उचित प्रावधान के बाद आदिवासी और वनाधिकार अधि०-2006 के अनुसार व्यवस्था का ध्यान की सिफारिश करूँगा। ताकि आदिवासियों के अधिकारों की भी सुरक्षा हो तथा राष्ट्र की ऊर्जा जरूरत भी पूरी हो।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

14. A junior member of staff has just returned to work after taking special leave to care for her elderly mother. For financial reasons she needs to work full-time. She has been having difficulties with her mother's home care arrangements, causing her to miss a number of team meetings (which usually take place at the beginning of each day) and to leave work early. She is very competent in her work but her absences are putting pressure on her and her overworked colleagues. You are her manager, and you are aware that the flow of work through the practice is coming under pressure. One of her male colleagues is beginning to make comments such as "a woman's place is in the home", and is undermining her at every opportunity, putting her under even greater stress.
What possible steps can you take to ensure that the work of the team does not suffer while also taking other humanitarian considerations into account. 20

अपनी बुजुर्ग मां की देखभाल के लिए विशेष छुट्टी पर रहने के पश्चात् एक कनिष्ठ कर्मी कार्य पर लौटी है। वित्तीय कारणों से उसे पूरे समय कार्य करने की आवश्यकता है। उसे अपनी मां के लिए घर पर देखभाल की व्यवस्था करने में कठिनाई आ रही है जिस कारण वह कई टीम बैठकों (जो प्रायः प्रति दिन, दिन के आरंभ में होते हैं) में उपस्थित नहीं हो पा रही है और वह कार्यालय से घर भी जल्दी चली जाती है। वह अपने कार्य में बहुत ही सक्षम है, लेकिन उसकी अनुपस्थित उसके ऊपर और काम के बोझ तले दबे उसके सहकर्मियों के ऊपर दबाव का कार्य कर रही है। आप एक प्रबंधक हैं और आप इस बात से अवगत हैं कि इस चलन से कार्य प्रवाह पर दबाव पड़ रहा है। उसके एक पुरुष सहकर्मी ने "एक महिला का स्थान घर में होता है" जैसे ताने भी मारने आरंभ कर दिये हैं और वह उसे प्राप्त हो सकने वाले प्रत्येक अवसर के संबंध मे कमजोर बना रहा है जिससे वह और भी गहन तनाव का अनुभव कर रही है।
सभी मानवीय पहलुओं का ध्यान रखते हुए, इन परिस्थितयों मे टीम का कार्य प्रभावित न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए आप कौन से कदम उठायेंगें?

मैं निम्न कदम उठाऊँगा :-

(1) सबसे पहले उस कनिष्ठ महिला कर्मी से इस संदर्भ में बातचीत करूंगा एवं उनकी इस समस्या के सभी पहलुओं से अवगत होने का प्रयास करूँगा तथा इस संदर्भ में उनकी माँ की देखभाल के कुछ वैकल्पिक तौर तरीकों के संदर्भ में भी उनसे बड़ी विनम्रता से जानकारी प्राप्त करूंगा।

(2) जहाँ तक प्रातः देर से आने की बात है जिससे वह कई बैठकों में भाग नहीं ले पाती है तो इस संदर्भ में मैं यह प्रयास करूँगा कि वह प्रातः दिन आरंभ की बैठकों में उपस्थित हो इस हेतु सामने आ रही समस्या पर उससे बातचीत करूँगा तथा उसकी माँ के लिए उस समय यदि कोई आवश्यकता हो तो उसे आया रखने तथा इस संदर्भ में विभिन्न गैर सरकारी संगठनों जैसे 'हेल्पेज इंडिया' वृद्धाश्रम के लोगों से सहायता लेने में मदद करूँगा ताकि उसकी मीटिंग के दौरान भी लोग उसकी माँ की ~~हेल्प~~ सहायता कर सकें।

(3) जहाँ तक शाम को जल्दी घर जाने की बात है इस संदर्भ में भी उपरोक्त उपाय ~~[illegible]~~ उठाऊँगा।

(4) जहाँ तक उसके कार्यों का प्रभाव दूसरे कर्मियों की दक्षता को भी प्रभावित कर रहा है तो उसके हल के लिए मैं स्वयं भी अपने ऑफिस टाइम के अतिरिक्त समय पर उसके बचे हुए कार्यों तथा खाना खाने के समय का उपयोग कर अन्य कर्मियों का सहयोग करूँगा तथा वो उस महिला से बात कर उसको फ्लेक्सिबल कुछ वैकल्पिक समय जैसे रविवार आदि में भी उसकी सुविधानुसार व्यवस्था

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

करने का प्रयास करूंगा। साथ ही अन्य कर्मियों की दक्षता बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित करूंगा।

(5) जहाँ तक प्रबंध सहकर्मी द्वारा ताने मारने की बात है इसके लिए मैं निम्न कदम उठाऊंगा

→ सबसे पहले महिला की लिखित शिकायत ग्रहण करूंगा तथा इसकी जाँच के लिए कार्यालय में महिला यौन उत्पीड़न समिति से जाँच करवाऊंगा तथा जाँच में दोषी पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की सिफारिश करूंगा क्योंकि कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न के संबंध में माननीय उच्चतम न्यायालय के विशाखा दिशा निर्देश, यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 भारतीय दण्ड संहिता एवं सिविल सेवा आचरण नियमावली 1964 के अनुसार एक दण्डनीय अपराध है। तथा साथ ही संवैधानिक मूल्यों (SIR) के भी विपरीत है।

साथ ही कार्यालय में महिलाओं के प्रति सम्मान को बढ़ाने के लिए एक अच्छी कार्य संस्कृति विकसित करने हेतु एवं पुरुषवादी मानसिकता को

VISION IAS™

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

इन लोगों हेतु कार्मिकों के लिए ~~एक~~ नियत
समय पर लघु फिल्मों एवं नाटकों का
आयोजन कर उनकी मनोवृत्ति परिवर्तन
करने का प्रयास भी करूंगा तथा
साथ ही इस विषय में कठोर रवैया हेतु
का संकेत भी निर्देशित अधिकारियों को
देना उचित होगा।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

VISION IAS

www.visionias.in

VISION IAS
M
N
08 NOV 2015
SUBMITTED [illegible] HOURS
RECEIVED

GENERAL STUDIES (TEST CODE : 636)

Name of Candidate	PREMSUKH DELU		
Medium Hindi/Eng.	HINDI	Registration Number	15301
Center	Delhi	Date	8/11/15

INDEX TABLE

Q. No.	Maximum Marks	Marks Obtained
1	12.5	
2	12.5	
3	12.5	
4	12.5	
5	12.5	
6	12.5	
7	12.5	
8	12.5	
9	12.5	
10	12.5	
11	12.5	
12	12.5	
13	12.5	
14	12.5	
15	12.5	
16	12.5	
17	12.5	
18	12.5	
19	12.5	
20	12.5	

Total Marks Obtained:

Remarks:

Signature of Examiner

INSTRUCTIONS

1. Do furnish the appropriate details in the answer sheet (viz. Name, Registration Number and Test Code).
उत्तर पुस्तिका में सूचनाएं भरना आवश्यक है (नाम, प्रश्न-पत्र कोड, विद्यार्थी क्रमांक आदि)।
2. There are TWENTY questions printed in HINDI and ENGLISH.
इसमें बीस प्रश्न हैं तथा हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपे हैं।
3. All questions are compulsory.
सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
4. The number of marks carried by a question/part is indicated against it.
प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।
5. Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate, which must be stated clearly on the cover of this Question-Cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other that the authorized one.
प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश पत्र में किया गया है और उस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यूसीए) पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिए गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।
6. Word limit in questions, if specified, should be adhered to.
प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।
7. Any page or portion of the page left blank in the Question-Cum-Answer Booklet must be clearly struck off.
उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

EVALUATION INDICATORS

1. Alignment Competence
2. Context Competence
3. Content Competence
4. Language Competence
5. Introduction Competence
6. Structure - Presentation Competence
7. Conclusion Competence

Overall Macro Comments / feedback / suggestions on Answer Booklet:

1.

2.

3.

4.

5.

6.

All the Best

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

All the questions are compulsory and carry 12.5 marks each. NOT MORE THAN 200 WORDS.

1. While the judiciary should be insulated from political interference, yet the executive should have a say in its appointment in order that flawed choices do not erode its credibility. Examine in context of the decision of the Supreme Court w.r.t. NJAC.

यद्यपि न्यायपालिका को राजनीतिक हस्तक्षेप से पृथक होना चाहिए, तथापि इसकी नियुक्तियों पर कार्यपालिका को राय देने का अधिकार होना चाहिए ताकि त्रुटिपूर्ण चयन इसकी विश्वसनीयता को नष्ट न कर सकें। एन.जे.ए.सी. के संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की जांच कीजिए।

हाल में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग के निर्णय में 99वें संविधान संशोधन को न्यायपालिका की स्वतंत्रता एवं मूल ढांचे के विपरीत बताते हुए रद्द कर दिया।

वास्तव में न्यायिक नियुक्ति आयोग से ~~अब~~ न्यायधीशों की नियुक्ति हेतु तीन न्यायधीशों के केस (1981, 93, 98) के बाद ~~अस्त~~ अस्तित्व में आए कॉलेजियम सिस्टम को हटाकर गठन किया गया था जो न्यायधीशों की नियुक्ति एवं स्थानांतरण संबंधी कार्य देखता।

वास्तव में कॉलेजियम सिस्टम में ~~व्याप्त~~ व्याप्त अपारदर्शिता

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

जवाबदेहीता का अभाव, कार्यपालिका
के आरोप लगते रहे हैं जबकि दुनिया
में कहीं भी न्यायाधीशों की न्यायाधीशों
द्वारा नियुक्ति नहीं होती है इस
कारण न्यायिक नियुक्ति आयोग
महत्वपूर्ण परिवर्तन था लेकिन
सर्वोच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया

वास्तव में इस निर्णय की
समीक्षा करें तो पाते हैं कि सभी
राजनीतिक दलों की सर्वसम्मति एवं
20 राज्यों की विधायिका द्वारा
पारित कानून को सर्वोच्च न्यायालय
द्वारा अवैध घोषित जाना चकित
करने वाला रहा है लेकिन साथ ही
महत्वपूर्ण बात यह भी है कि सर्वोच्च
न्यायालय द्वारा कॉलेजियम के
बारे में पारदर्शिता, जवाबदेहीता के
अभाव को माना तथा इस सिस्टम में
सुधार एवं आगे चलता में
सुधार करने की बात स्वीकारी

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

पालन है इसे साथ कौन ले कि यद्यपि भी न्यायपालिका एवं कार्यपालिका के बीच तनाव है रूप में नहीं देखना चाहिए।

इसके लिए न्यायिक स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है और न्यायपालिका लोगों की इच्छाओं पर खरी भी उतरी है दूसरी तरफ न्यायपालिका ने कार्य इच्छा की पालन की है तथा ही इसे व्यावहारिक ने हमारी जन भावनाओं का प्रतिबिम्ब है को उचित सम्मान जानी है अतः संविधान के तीनों अंगों को मिलकर काम करने में उचित हल निकालना चाहिए ताकि विधायी स्वतंत्रता बनी रहे न्यायिक स्वतंत्रता भी बनी रहे एवं सभी हितों एवं डाटा की नियमों की भांति होगा।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

2. What do you understand by the concept of 'Equality'? Does it imply the elimination of all differences? How does the ideal of 'Equality' differ from 'Equity'? Discuss in light of affirmative action programs in India.

'समानता' की अवधारणा से आप क्या समझते हैं? क्या इसका निहितार्थ सभी अन्तरों का उन्मूलन है? 'समानता' का आदर्श 'साम्य (इक्विटी)' से किस प्रकार भिन्न है? भारत में सकारात्मक कार्रवाई कार्यक्रमों के प्रकाश में चर्चा कीजिए।

समानता का आशय है सभी असमानताओं की समाप्ति। भारतीय संविधान के अनु० 14 से 18 तक समानता के मूल अधिकार का उल्लेख है लेकिन यहां ध्यातव्य तथ्य यह है कि कुछ युक्तियुक्त अपवादों का उल्लेख भी किया गया है।

अतः भारतीय संदर्भ के देखें तो समानता का आशय सभी के साथ एकसमान व्यवहार नहीं किया जाता है अर्थात् इसको संविधान की सामाजिक न्याय की अवधारणा के अनुरूप विशेष है साथ विशेष व्यवहार किया जा सकता है अर्थात् महिला, बच्चे, SC

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

ST, OBC के संबंधित कुछ प्रावधान शामिल हैं लेकिन उनका लाभ उन को विकसित या सामान्य समान है बनाया जाता है

अतः समानता को साम्य भी समझा जा सकता है।

भारत में समानता हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम यथा SC, ST, OBC आरक्षण, अनु० 17 के तहत अस्पृश्यता अंत, अनु० 18 के तहत उपाधि अंत तथा महिला और बच्चों के संबंधित विभिन्न कार्यक्रम यथा समन्वित महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

3. "Vocational skill is a great tool to usher in inclusive growth and an effective hedge against poverty". In this regard, evaluate the performance of skill development programmes in India. Discuss the problems that have been withholding their success and suggest remedies with special reference to the report of NSDA panel.

"व्यावसायिक कौशल, समावेशी विकास आरंभ करने और गरीबी को रोकने हेतु एक उत्कृष्ट उपकरण है।" इस संबंध में, भारत में कौशल विकास कार्यक्रमों के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन कीजिए। इनकी सफलता को बाधित करने वाली समस्याओं की चर्चा कीजिए और एन.एस.डी.ए. पैनल की रिपोर्ट का विशेष संदर्भ देते हुए उपचार सुझाइए।

व्यावसायिक कौशल समावेशी विकास के निर्माण में महत्वपूर्ण है क्योंकि "कौशल विकास को सफल उद्यमिता की कुंजी" कौशल विकास एवं उद्यमिता नीति 2015 में माना गया है।

भारत में कौशल विकास हेतु विभिन्न कार्यक्रम चलाए गए तथा विभिन्न संस्थान यथा ITI, पॉलिटेक्निक, इन्जीनियरिंग संस्थान स्थापित किए गए फलस्वरूप व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त लोगों का प्रतिशत बढ़कर 4% तक पहुँचा था। हाल में जारी एक रिपोर्ट में पाया गया कि कौशल शिक्षा प्राप्त युवा भी उद्योगों के अनुकूल नहीं है

अतः हम पाते हैं कि कौशल विकास कार्यक्रमों में हम कहीं न कहीं असफल रहे हैं। यदि हम इन कार्यक्रमों की असफलताओं के कारणों पर गौर करें तो हम निम्न कारण पाते हैं

(1) कार्यक्रम निर्माण तो केंद्र पर, कार्यक्रम क्रियान्वयन के स्तर पर कोई व्यवस्था का न होना।

(2) इन निर्माणों द्वारा केवल सरकारी नौकरी की तरफ ही रुचि रखना

(3) आधारभूत ढाँचे का अभाव

(4) पाठ्यक्रमों एवं औद्योगिक आवश्यकताओं का कोई तालमेल न होना

(5) प्रशिक्षित प्रशिक्षकों की कमी

(6) केवल सरकारी प्रयास

अतः हाल में इसे दुबारा लाने हेतु एन.एस.डी.P. पैनल रिपोर्ट

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

हैं कि निम्न प्रयास कर सकते हैं

→ उचित कौशलगत विकास

→ प्रशिक्षित प्रशिक्षकों की व्यवस्था

→ स्वतंत्र मूल्यांकन निकाय की स्थापना जो स्वतंत्र मूल्यांकन करे

→ पाठ्यक्रम औद्योगिक आवश्यकताओं पर बने।

→ छात्रों को प्रेरित किया जाए, उचित धनराशि उपलब्ध करवाई जाए, निजी क्षेत्र का सहयोग लिया जाए।

इन निर्देशों के लिए सरकार प्रयास यथा कौशल विकास मिशन, कौशल विकास योजना, प्रत्यक्ष्योंं

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

4. A demand to make the CAG accountable to the Parliament has been gaining ground recently. How will this step affect the independence of CAG? What steps could be taken to strengthen CAG-PAC relationship?
कुछ समय से सी.ए.जी. को संसद के प्रति उत्तरदायी बनाने की मांग जोर पकड़ रही है। यह कदम सी.ए.जी. की स्वतंत्रता को कैसे प्रभावित करेगा? सी.ए.जी. और पी.ए.सी. के संबंधों को मजबूत करने हेतु कौन-से कदम उठाए जा सकते हैं?

CAG यानि "कम्पट्रोलर एवं ऑडिटर जनरल" जिसका उल्लेख भारतीय संविधान के अनु. 148 से 151 तक किया गया है जो भारत के वित्त का संरक्षक समझा जाता है जिसने अपनी भूमिका का बखूबी निर्वाह किया है।

CAG द्वारा सरकार द्वारा स्वीकृत बजट से खर्च होने वाले ऑडिट किया जाता है जिसमें यह देखा जाता है कि खर्चा निर्धारित मद एवं प्रक्रिया से हुआ है। और इसकी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्वारा संसद के सामने रखते हैं

हाल में CAG को संसद के प्रति उत्तरदायी बनाने की मांग जोर पकड़ रही है जिसमें ... का

दिया जाता है कि CAG बजट के वास्तविक परिणामों की तरफ ध्यान न देकर प्रक्रियाओं पर ज्यादा ध्यान देता है तथा प्रक्रिया के रूप में यह चोरला मानता है जिनसे देश में निराशा है प्रति व्यापक अनैतिकता फैलता है साथ ही CAG के नियंत्र जो जनता का प्रतिनिधि होती है प्रति उत्तरदायी होना चाहिए

लेकिन इस देखते है इस कदम से CAG की स्वतंत्रता का हनन हो जाता है क्योंकि इसी स्वतंत्रता के बदौलत ही 2G, कॉमनवेल्थ जैसे घोटाले उजागर हुए हैं नियंत्र के प्रति उत्तरदायित्व बदौलत से बहुमत प्राप्त दल का CAG पर दबाव बढ़ जाएगा अतः देश इस मोड़ पर और व्यापक विचार की आवश्यकता है।

PAC अर्थात लोक लेखा समिति CAG द्वारा जारी रिपोर्ट की परीक्षा करती है तथा CAG द्वारा मापदंड

करती है दोनों के मध्य टकराव रोकने हेतु निम्न कदम उठाये जा सकते हैं

1. खर्च के बाद ऑडिट की बजाए खर्च के दौरान ऑडिट हो ताकि अपव्यय जड़ से ही खत्म हो जाए।

2. CAG और PAC में समन्वय को बढ़ाया जाए

5. The debates related to problems of higher education have been mainly limited to IITs/IIMs. However, the need of the hour is to improve 665 universities where around 30 million students are enrolled. Discuss.
उच्च शिक्षा की समस्याओं से संबंधित बहस मुख्य रूप से आई.आई.टी./आईआई.एम. तक ही सीमित रहे हैं। जबकि समय की मांग 665 विश्वविद्यालयों में सुधार करने की है जिनमें लगभग 3 करोड़ छात्र नामांकित हैं। चर्चा कीजिए।

~~भारत में उच्च~~

तीव्र आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक राजनीतिक विकास हेतु उच्च शिक्षा का महत्व ~~निर्वि~~ निर्विवाद है लेकिन भारत में उच्च शिक्षा के विषय में हम सामान्यतः ~~का~~ IIT एवं IIM तक ही बात करते हैं जबकि सारे मात्र देश के .01% छात्र भी नहीं पढ़ते हैं हां, यह माना कि इन ~~संस्था~~ संस्थानों की ~~तकनीकी~~ तकनीकी, शोध प्रबंधन, रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

लेकिन राष्ट्र के समावेशी, त्वरित, पोषणीय विकास हेतु अन्य विश्वविद्यालयों की तरफ भी ध्यान देना आवश्यक है ~~क्यों~~ क्योंकि बिना उचित ध्यान दिए हम उन

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

में उचित कौशल एवं दक्षता का विकास ही नहीं कर पाएंगे तथा बेरोजगारों की फौज खड़ी करेंगे साथ ही हमारी नव उद्योगों के लिए कुशल श्रम शक्ति का अभाव होगा तथा हम "पॉपुलेशन डिविडेंड" से वंचित होंगे। तथा देश में आंतरिक अशांति भी पैदा होने का खतरा रहता है।

अतः हाल में सरकार द्वारा उच्च शिक्षा में सुधार हेतु शुरू किया गया "रूसा" अभियान तथा भारतीय संस्थानों की रैंकिंग वाली फ्रेम के प्रयास, कौशल विकास कार्यक्रम, इन विश्वविद्यालयों में पारदर्शी नियुक्ति प्रक्रिया, पाठ्यक्रम निर्धारण में स्वायत्तता देना साथ ही पाठ्यक्रम को आधुनिक उद्योगों के साथ सम-वय वाला बनाना

हेतु प्रेरित कर, हेरिटेज विश्वविद्यालय की शिक्षा बढ़ाकर, योग्य प्रोत्साहन देकर इस ओर में कदम बढ़ा सकते हैं।

VISION IAS™

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

6. While tribunals are responsible for adjudicating cases, which require technical expertise and specialization, they are rot to be understood as a court. Elaborate. Also, discuss whether the recent rulings, such as banning mining or old diesel vehicles, are an example of overreach.
तकनीकी दक्षता एवं विशेषज्ञता की आवश्यकता वाले मामलों का निर्णय करने के बावजूद न्यायाधिकरण न्यायालय नहीं समझे जाते हैं। कथन पर विस्तारपूर्वक चर्चा करें। इसके अतिरिक्त, चर्चा कीजिए कि क्या न्यायाधिकरण द्वारा खनन या पुराने डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगाना अपनी सीमाओं के अतिक्रमण के उदाहरण हैं।

भारतीय न्यायपालिका के निर्णयों में न्यायाधिकरणों की महत्वपूर्ण भूमिका है लेकिन इन्हें अर्द्ध न्यायिक निकाय ही माना जाता है ये वास्तव में किसी क्षेत्र विशेष से सम्बन्धित होते हैं यहां उच्च या निचली न्यायालय में [illegible] नहीं चला विवाद अधिकार अनु. 262 की उच्च [illegible] एवं परिस्थितियों से [illegible] गठित किए गए है यथा हरित न्यायाधिकरण

जहां तक न्यायालय की निर्णय [illegible] का प्रश्न है ये क्षेत्र विशेष से सम्बन्धित होते हैं तथा इनमें न्यायिक विशेषज्ञों के साथ साथ उस क्षेत्र के गैर-न्यायिक विशेषज्ञ व्यक्ति भी शामिल होते हैं यथा हरित न्यायाधिकरण

के पर्यावरण विशेषज्ञ

जहाँ तक न्यायाधिकरण द्वारा डीजल एवं पुराने डीजल वाहनों पर प्रतिबंध का सवाल है तो उचित ही माना जाना चाहिए क्योंकि इसके न्यायाधिकरण पर्यावरण विशेषज्ञों से भी परिपूर्ण है ~~[illegible]~~ साथ ही इसके गठन उद्देश्य भी पर्यावरणीय मामलों की तेजी से सुनवाई का पर्यावरण निर्धारण को ~~[illegible]~~ ~~[illegible]~~ इस बात का निर्णय के लिए ही हरित न्यायाधिकरण द्वारा दिल्ली में 10 वर्ष पुराने डीजल वाहनों की रोक लगाए, रोहतांग दर्रे में डीजल वाहनों पर रोक उल्लेखनीय है

चूँकि इसने पेरिस समझौते पर "राष्ट्रीय निर्धारित योगदान" के तहत 33-35% कटौती का वादा किया है तो इन निर्णयों से इसे मदद मिलेगी है

लेकिन साथ ही ऐसे इन निर्णय

में लोगों की आजीविका एवं प्रवासन पर पड़ने वाले प्रभावों का भी ध्यान रखना होगा।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

7. The 2nd generation reforms vital for the development of the nation are contingent upon the states as most of them fall in the concurrent list. Discuss with examples.
राष्ट्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण समझे जाने वाले दूसरी पीढ़ी के सुधार राज्यों पर निर्भर हैं क्योंकि उन सुधारों से संबंधित अधिकतर विषय समवर्ती सूची में आते हैं। उदाहरण के साथ चर्चा करें।

VISION IAS™

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

8. Discuss, with examples, the role of Civil Society in making governance citizen centric. What are the factors that are hindering their growth in developing countries, like India?
शासन को नागरिक केंद्रित बनाने में नागरिक समुदाय (सिविल सोसायटी) की भूमिका पर उदाहरण सहित चर्चा कीजिए। वे कारक कौन-से हैं जो भारत जैसे विकासशील देशों में इनकी वृद्धि को बाधित कर रहे हैं?

शासन को नागरिक केन्द्रित बनाने में सिविल सोसाइटी की महत्वपूर्ण भूमिका है क्योंकि एक जागरूक सिविल सोसाइटी प्रशासनिक अमले में फैले व्यापक भ्रष्टाचार, लालफीताशाही, अपारदर्शिता, गोपनीयता, और निरंकुशतापूर्ण व्यवस्था में परिवर्तन ला सकती है।

सिविल सोसाइटी की भूमिका को एक अरुणा राय द्वारा स्थापित MKKS नामक NGO द्वारा चलाए गए जन सुनवाई कार्यक्रम से देख सकते हैं जिसके बाद राजस्थान में भ्रष्टाचार को लेकर व्यापक जागरूकता और साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों के अपने रवैये में भी परिवर्तन लाया

भारत जैसे देश में सिविल सोसायटी के विकास को बाधित करने वाले कारक निम्न हैं :-

(1) देश में व्यापक पैमाने पर फैली गरीबी, अशिक्षा, रूढ़िवादिता के कारण से नागरिक उचित भाग नहीं ले पा रहे हैं।

(2) व्यापक जन जागरूकता का अभाव भी इसके विकास में बाधक है

(3) सरकार तथा सरकारी अमले का इन संगठनों को हतोत्साहित करने के विभिन्न प्रयास जिसमें सर्वाधिक RTI कार्यकर्ताओं की हत्या तक करवा दी जाती है।

(4) समाज सुधारकों की सर्वाधिक हत्याएं उदा० नरेन्द्र दाभोलकर

(5) पंजीयन कानूनों की जटिलता तथा विभिन्न प्रकार के प्रतिबन्ध

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

इस तरह हम देखते है अनेक कारणों से भारत विकास नहीं हो पा रहा है अतः आधुनिक व्यावसायिक शिक्षा प्रणाली को उचित करके तथा भारत विकास को लोकतंत्र के कल्याणकारी सोचों से लाभ से बढ़ाया जा सकता है

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

9. The passing of the Mines and Minerals (Development and Regulation) Amendment Bill, 2015 marks a significant step towards reforming the mining sector. Discuss its salient features along with highlighting the apprehensions against the act. Further analyse the role of District Mineral Foundation in ensuring equitable benefit for all.

खान और खनिज (विकास एवं नियमन) संशोधन विधेयक, 2015 का पारित होना, खनन क्षेत्र में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का संकेत देता है। अधिनियम के विरुद्ध व्यक्त की गई आशंकाओं को उजागर करने के साथ-साथ इसकी विशेषताओं पर चर्चा कीजिए। साथ ही, सभी के लिए समान लाभ सुनिश्चित करने में जिला खनिज फाउंडेशन की भूमिका का विश्लेषण कीजिए।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

10. Discuss the role of PESA as an effective tool in ensuring participative democracy and development of the tribal people. Also, examine the reasons for its poor implementation.
सहभागी लोकतंत्र और जनजातीय लोगों का विकास सुनिश्चित करने में एक प्रभावी उपकरण के रूप में पी.ई.एस.ए. की भूमिका की चर्चा कीजिए। साथ ही, इसके खराब कार्यान्वयन के कारणों की जांच कीजिए।

73वें संविधान संशोधन के माध्यम से लाए गए त्रिस्तरीय पंचायती राज को भारतीय संविधान की 5वीं एवं 6वीं अनुसूची में शामिल क्षेत्रों में लागू नहीं किया गया था इन क्षेत्रों की अपनी विशिष्टताओं को देखते हुए 1996 में पेसा अर्थात "पंचायत एक्सटेंशन इन शेड्यूल्ड एरियाज़ एक्ट" लाया गया ताकि इन क्षेत्रों में सहभागी स्वशासन लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण को लागू किया जा सके।

चूँकि जनजातीय समाजों की अपनी विशिष्टताओं, परम्पराओं के कारण अपनी एक अलग पहचान रखते थे अतः इन क्षेत्रों में पंचायती राज को ज्यों का त्यों लागू नहीं किया जा सकता था साथ ही इन क्षेत्रों की अपनी विशिष्ट आवश्यकताएं थी।

इस दिशा में पेसा एक्ट महत्वपूर्ण रहा है जिसने इस लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण को

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तारित कर पाए तथा इन क्षेत्रों में कानून के तहत व्यापक स्वायत्तता प्रदान की गई तथा ग्राम सभा को शक्तिशाली बनाया गया तथा प्राकृतिक संसाधनों के खनन हेतु पहले इन ग्राम सभा से मंजूरी लेना आवश्यक है तथा प्राप्त रायल्टी से स्थानीय विकास का कार्य किया जाता है. लोगों द्वारा अपने विकास की प्राथमिकताओं को स्वयं तय किया जाता है।

लेकिन हम देखते है कि जिन उद्देश्यों को लेकर पेसा कानून लाया गया था उन उद्देश्यों को प्राप्त करने में निम्न कारणों से सफल नहीं हो पा रहा है

1) अशिक्षा : इन क्षेत्रों में व्यापक रूप अशिक्षा फैली हुई है साक्षरता दर बहुत कम है

2) गरीबी: गरीबी के कारण भी उचित क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है

3) सरकारी हस्तक्षेप : अत्यधिक सरकारी हस्तक्षेप के कारण से निष्पक्ष ढंग से कार्य नहीं कर पा रही है

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

सरकारी अधिकारियों की उदासीनता भी इसकी असफलता का कारण बनती जाती है साथ ही और परम्परागत खतरे जैसे तस्करी, आतंकवाद, नक्सलवाद इत्यादि के कारण से निकाय ढंग से कार्य नहीं कर पा रही है।

अतः हमें लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण हेतु सरकारी अधिकारियों की मनोवृत्ति परिवर्तन, उचित वित्तीय अनुदान, शिक्षा का विस्तार करके, स्वायत्तता प्रदान करके, चुने हुए प्रतिनिधियों का उचित प्रशिक्षण प्रदान करके, महिलाओं के सशक्तिकरण से हम लोकतांत्रिक जड़ों को धरा पर गहरा रोप सकते हैं।

11. What do you mean by lifestyle diseases? What are the factors leading to the increased occurrence of lifestyle diseases in India? Discuss their impact on the economic conditions of the individuals and productivity of the economy.
जीवन शैली (लाइफ स्टाइल) जनित रोगों से आप क्या समझते हैं? भारत में जीवन शैली संबंधी रोगों को बढ़ाने वाले कारक कौन-से हैं। व्यक्तियों की आर्थिक स्थिति और अर्थव्यवस्था की उत्पादकता पर उनके प्रभाव की चर्चा कीजिए।

जीवन शैली जनित रोगों से आशय है अपने जीवन जीने के तरीकों द्वारा पैदा हुए रोग अर्थात् अपनी दिनचर्या, खानपान, रहन सहन इत्यादि से पैदा रोग यथा। मधुमेह, उच्च रक्तचाप इत्यादि

भारत में जीवन शैली संबंधी रोगों को बढ़ाने वाले कारक निम्न है:-

1) खानपान: आज आधुनिक जीवन में व्यक्ति उचित समय पर खाना नहीं खा पाता है पुनः वह डिब्बाबंद खाने पर अत्यधिक निर्भर है फलस्वरूप विभिन्न प्रकार के रोगों से ग्रस्त हो जाता है।

2) दिनचर्या: आधुनिक युग में मनुष्य की दिनचर्या बुरी तरह से गड़बड़ा गई है फलस्वरूप वह समय पर सोना, खाना पीना नहीं कर पाता है

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(3) तनाव : बढ़ते भौतिकतावाद एवं उपभोक्ता व अधिकता समय इलेक्ट्रोनिक मेज़ों के साथ कार्य करने के कारण वर्तमान समय तनाव में रहता है फलस्वरूप वह उच्च रक्तचाप जैसे रोगों से ग्रसित हो जाता है।

(4) मिलावट : बाजार में अधिकता खाद्यान्नों में मिलावट की रही है जिसे हम लोकप्रिय उत्पाद मैगी के संदर्भ में देख सकते हैं।

एक राष्ट्र के विकास के लिए आवश्यक है कि मानव संपदा स्वस्थ हो क्योंकि यदि मानव विभिन्न प्रकार के रोगों से ग्रस्त होगा तो वह अपनी पूर्ण क्षमता से कार्यक्षमता को योगदान नहीं दे पायेगा साथ ही उसे अपनी आमदनी का अधिकतर हिस्सा दवाओं पर खर्च करना होगा जिसके कारण वह अपनी बालकों से महरूम रहेगा साथ ही सरकार को भी स्वास्थ्य सेवाओं पर ज्यादा खर्च करना

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

होगा जिससे उनके पास विकास कार्यों हेतु धन भी उपलब्ध होगा।

अतः स्वस्थ मानव ही स्वस्थ राष्ट्र बनाता है तथा देश विकास की तरफ उन्मुख होता है अतः एक बेहतर जीवन शैली जिसमें व्यक्तिगत कल्याण एवं राष्ट्र कल्याण हो अपनायी जानी है जिसमें 'योग' की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।

12. In a country, where one-third of the population is already economically excluded, prescribing minimum qualifications for elections to the Panchayati Raj will be the final nail in the coffin of a genuine grass-roots democracy. Discuss.

एक ऐसे देश में, जहां एक-तिहाई जनसंख्या पहले से ही आर्थिक रूप से अलग-थलग है, पंचायती राज के चुनाव हेतु न्यूनतम योग्यता निर्धारित करना एक वास्तविक आधारभूत लोकतंत्र के ताबूत में आखिरी कील सिद्ध होगा। चर्चा कीजिए।

हाल में पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन हेतु शैक्षिक योग्यता का मानदण्ड एक महत्वपूर्ण चर्चा का विषय रहा है जो कि इन राजस्थान एवं हरियाणा में देखे गये हैं।

इन संस्थाओं में शैक्षिक योग्यता का निर्धारण करने वाले निम्न तर्क हैं

(1) इन संस्थाओं में पढ़े लिखे लोग आएंगे जिनसे विकास कार्य तीव्र होंगे क्योंकि वे ऐसी जानकारी रखते हैं

(2) भ्रष्टाचार कम होगा

(3) जिम्मेदारी तय होगी क्योंकि जो कार्य करेगा वह भला बुरा अच्छी तरह समझेगा वह यह नहीं कह सकेगा उसे तो जानकारी ही नहीं थी ग्राम सचिव ने अंगूठा लगवा लिया।

(4) महिलाएं अधिक सक्रियता से भागीदारी निभाएंगी क्योंकि वे पढ़ी लिखी होंगी।

(5) इनके साक्षरता दर बढ़ेगी क्योंकि इनके लोग स्कूल जाने को प्रेरित होंगे।

आलोचक इसके विरोध में निम्न तर्क देते हैं

(1) यह भेदभाव पूर्ण है क्योंकि ऐसा विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में नहीं है

(2) राज्य जहां महिला साक्षरता 52.1% थी वहां 48% महिला आबादी प्रत्यक्ष साक्षरता 79% वहां 20% आबादी को चुने जाने के अधिकार से वंचित कर दिया यह लोकतंत्र की बुनियादी अवधारणा के विपरीत है।

(3) ऐसा कोई उदाहरण नहीं है जहां पढ़े लिखे कोई भ्रष्टाचार नहीं करते हों

(4) लोकतंत्र की बुनियादी सोच प्रत्येक व्यक्ति को निर्णय में भागीदार बनाने के विपरीत है

अतः हम देखते हैं कि पक्ष एवं विपक्ष दोनों में ही मजबूत तर्क दिए जा सकते हैं राज० में कोर्ट आधार पर

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

चुनाव हो चुके हैं जहां एक तरफ युवा आबादी चुन कर आई है लेकिन दूसरी तरफ गलत डिग्रियों भी लोगों ने लगाई है फलस्वरूप कई मामले दर्ज हुए हैं दूसरी तरफ हरियाणा का मामला सर्वोच्च न्यायालय में है यहां दोनों पक्ष विपक्ष दोनों को देखते हुए एक उचित निर्णय लेना चाहिए जिससे लाखों लोग इन नियमों से चुनाव लड़ने से वंचित नहीं हो इस हेतु देश में एक राष्ट्रीय नीति बनानी चाहिए साथ ही लोगों को 10 वर्ष का ग्रेस पीरियड भी देना चाहिए।

13. Ever since the National Commission for Women (NCW) came into existence in 1992, its composition and functioning have been contentious and controversial. Discuss.

वर्ष 1992 में महिलाओं के लिए राष्ट्रीय आयोग (एन.सी.डब्ल्यू.) की स्थापना के बाद से ही, इसकी संरचना और कार्य पद्धति विवादास्पद और विवादग्रस्त रही है। चर्चा कीजिए।

महिला अधिकारों के उचित क्रियान्वयन महिलाओं संबंधित योजनाओं, कानूनों के क्रियान्वयन, निगरानी, उचित सुझाव हेतु 1992 में गठित महिला आयोग इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

महिला आयोग में एक अध्यक्ष तथा पांच सदस्य होते हैं तथा अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति केन्द्र की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

महिला आयोग महिला अधिकार संबंधी मामलों में पीड़िता की शिकायत या स्वतः ~~संज्ञा~~ संज्ञान द्वारा मामले को अपने हाथ में ले सकती है तथा यह जांच कर सकती है क्षतिपूर्ति हेतु सिफारिश कर सकती है महिलाओं को कानूनी सलाह देती है। इस आयोग के पास दीवानी न्यायालय की शक्तियां हैं पर कोई दस्तावेज देख सकती है या

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

सकती है तथा जाँच कर सकती है लेकिन यह स्वयं दण्ड नहीं दे सकती है यह दण्ड देने की सिफारिश कर सकती है।

पिछले कुछ सालों से महिला आयोग विवादास्पद रहा है अगर आंकड़ों में हम जाए तो हम पाते है कि महिला आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति सक्रिय राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों की होती है फलस्वरूप कार्यवाही राजनीतिक रूप ले लेती है जैसे हम दिल्ली महिला आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग सदस्यों की गुवाहाटी मामले के निर्णय में देख सकते है।

अतः सरकार हेतु इसमें नियुक्ति निर्णय में सुधार की जरूरत है जो पद गैर राजनीतिक एवं पेशेवर व्यक्ति को नियुक्त किया जा सकता है नियुक्ति हेतु एक कमेटी बनाई जा सकती है

साथ ही महिला आयोग की कार्यप्रणाली भी विवादास्पद रही है मामला

देखा गया है जब तक मामला मीडिया में नहीं उछलता है महिला आयोग निष्क्रिय रहता है पुनः महिला आयोग के पास दण्ड देने की शक्ति नहीं है ~~अतः इसे~~ यह केवल सिफारिश कर सकती है अतः इसे महिला आयोग को जांच निरीक्षण में और शक्तिशाली बनाना होगा साथ ही इसे लोगों की मनोवृत्ति परिवर्तन हेतु भी कार्य करना होगा।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

14. Discuss the importance of mid-career performance appraisal for civil servants. Also evaluate the feasibility and effectiveness of compulsorily retiring serving bureaucrats after such a review.
लोक सेवकों के लिए मिड-करियर (कार्यकाल के मध्य में) कार्य निष्पादन मूल्यांकन के महत्व की चर्चा कीजिए। इसके अतिरिक्त, इस प्रकार की समीक्षा के पश्चात् सेवारत नौकरशाहों के अनिवार्य अवकाश ग्रहण की व्यवहार्यता और प्रभावशीलता का मूल्यांकन करें।

हाल ही में लोक सेवकों के मिड-करियर कार्य निष्पादन मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण चर्चा का विषय रहा है मिड कार्यमूल्यांकन का आशय है एक निश्चित समय बाद किसी नौकरशाह के द्वारा अपने करियर में किस तरह से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया गया जाँच करना है

पिछले कुछ समय से जब नौकरशाहों पर भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, लालफीताशाही, अपारदर्शिता, गैरजिम्मेदाराना व्यवहार के मामले ज्यादा सामने आए हैं साथ ही साथ भी ज्यादा देखे गये PSU, ~~विभिन्न~~ मिड के मिल जैसे संस्थानों के बावजूद इन [illegible] 10 वें नम्बर पर विद्यमान है तब इसकी महत्ता और बढ़ जाती है इसी प्रकार

इन्हों पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू, इंदिरा गांधी इत्यादि ने भी विभिन्न संस्थाओं के निष्फल न होने के पीछे नौकरशाही की औपनिवेशिक मानसिकता को जिम्मेदार ठहराया था।

आज की इन्हीं संविधान के सामाजिक न्याय की अवधारणा को साकार करने हेतु नौकरशाही में ~~प्रतिबद्धता~~ कार्य के प्रतिबद्धता बढ़ाने हेतु, पेशेवर स्वरूप लाने हेतु, पारदर्शिता लाने हेतु, नागरिक केन्द्रित बनाने हेतु, उद्देश्य प्राप्ति हेतु, दक्षता एवं कौशल को बढ़ाने हेतु, परिणामोन्मुखता लाने हेतु सिद्ध करियर कार्य निष्पादन मूल्यांकन महत्वपूर्ण है।

इस प्रकार की समीक्षा के पश्चात अनिवार्य अवकाश प्राप्ति की व्यवहार्यता एवं प्रभावशीलता की जहाँ तक बात करें तो यहाँ पर संविधान के प्रावधानों यथा अनुच्छेद 309, 310, 311 का भी ध्यान रखना चाहिए जो नौकरशाही को

संवैधानिक निकाय प्रदान करते हैं यदि इन संवैधानिक पदों के रक्षा [illegible] होगा तो ~~के~~ ईमानदार नौकरशाह प्रेरित होंगे तथा भ्रष्ट हतोत्साहित होंगे तथा निकायों के पारदर्शिता ~~आएगी~~ एवं जवाबदेहिता आएगी लेकिन साथ ही इन पदों पर यह भी ध्यान रखना होगा कि कहीं इन प्रावधानों का उपयोग अपने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए नहीं होना चाहिए अन्यथा इन spoil तंत्र की तरह बन जाएंगे जो कि कदापि उचित नहीं होगा।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

15. The Polio eradication programme is a widely acknowledged success story with vital lessons for other immunisation initiatives as well. Highlight the challenges faced by immunisation efforts in India. In this context, what does Mission Indradhanush seek to achieve? Explain the rationale, objectives and strategies for implementation of the mission.

पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम व्यापक रूप से स्वीकृत सफलता की कहानी है। इसने अन्य टीकाकरण पहलों हेतु भी महत्वपूर्ण दृष्टांत प्रस्तुत किए हैं। भारत में टीकाकरण संबंधी प्रयासों के समक्ष प्रस्तुत चुनौतियों पर प्रकाश डालिए। इस संदर्भ में, *मिशन इन्द्रधनुष* का लक्ष्य क्या है? इस मिशन के औचित्य, उद्देश्यों और कार्यान्वयन की रणनीतियों की व्याख्या कीजिए।

भारत में 1995 से शुरू पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम विश्व के सामने एक प्रेरणास्पद उदाहरण प्रस्तुत करता है जिसके बदौलत सन 2013 में पोलियो मुक्त हो गए।

लेकिन इस कार्यक्रम की सफलता के पीछे लोगों की व्यापक भागीदारी, सिविल सोसाइटी योगदान, सरकारी कर्मियों की मनोवृत्ति, कार्यक्रम रणनीति का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

जहाँ तक भारत में टीकाकरण की चुनौतियों का सवाल है यहाँ पर फैली व्यापक गरीबी, अशिक्षा, रूढ़िवादिता, धार्मिक आस्था, विषम भौगोलिक परिस्थितियाँ, सरकारी कर्मियों की उदासीन रवैया, भ्रष्टाचार

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

~~स्वास्थ्य~~ स्वास्थ्य क्षेत्र में रोगजनित अभाव, जन जागरूकता का अभाव इत्यादि महत्वपूर्ण चुनौतियां हैं।

इस दिशा में हाल में शुरू किया गया मिशन इंद्रधनुष महत्वपूर्ण है जिसका लक्ष्य है 90% टीकाकरण करना। आज भी देश में मात्र 65% ही टीकाकरण हो पाया है प्रतिवर्ष जन्म लेने वाले 2.7 करोड़ बालकों में से 18.3 करोड़ बालक अपना पोषाहार पूरा फिर भी नहीं ले पाते हैं।

अतः इस अभियान में लोगों को 7 बीमारियों टिटनेस, काला कुकर, हेपेटाइटिस-B पोलियो, खसरा इत्यादि हेतु यह अभियान शुरू किया गया है जिसमें पहले चरण में 201 जिले शामिल किए गए हैं जो पर यह अभियान व्यापक सफल रहा है हाल में दूसरा चरण शुरू कर दिया गया है।

इस अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु व्यापक अभियान चलाया जा

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

रहा है जिसमें सिविल सोसायटी, NGO सरकारी समिति, स्वयंसेवकों का सहयोग लिया जा रहा है उनका नारों, कर्तव्यों के माध्यम से जागरूकता फैलायी जाती है। तथा नियमित मॉनिटरिंग की ~~जाती रह~~ जा रही है तथा फीडबैक लिया जा रहा है।

जहां तक कौशल का सवाल है इसके लिए एक स्वच्छ भारत का नियोग का पालन।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

16. Promulgation of the newest constitution of the region has thrown up new challenges for the oldest constitutional democracy in South Asia. Examine India's role, concerns and dilemmas vis-à-vis the constitutional process in Nepal.

दक्षिण एशियाई क्षेत्र में एक नवीनतम संविधान के लागू होने से दक्षिण एशिया के सबसे पुराने संवैधानिक लोकतंत्र हेतु नई चुनौतियाँ उत्पन्न हो गई हैं। नेपाल में संवैधानिक प्रक्रिया के विषय में भारत की भूमिका, चिंताओं और दुविधाओ की जांच कीजिए।

हाल में दक्षिण एशियाई देश नेपाल द्वारा अपना संविधान स्वीकृत किया गया जो लोकतांत्रिक विकास के संदर्भ में महत्वपूर्ण कदम रहा। लेकिन साथ संविधान के कुछ प्रावधानों के कारण वहां पर हुए व्यापक प्रदर्शनों के कारण भारत के सामने नई चुनौती एवं दुविधाएं पैदा हो गई हैं।

नव स्वीकृत नेपाली संविधान के कुछ प्रावधानों का वहां ~~की~~ के मधेशी एवं अन्य ~~अल्प~~ अल्प संख्यक समुदायों द्वारा विरोध किया जा रहा है। चूंकि मधेशी लोग तराई प्रदेश में रहते हैं तथा वे भारत से गए हुए लोग हैं अतः उनके द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन से भारत के कुछ राज्यों यथा बिहार, U.P में भी असंतोष का खतरा पैदा हुआ है साथ ही एक अशांत नेपाल

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

भी भारत के लिए कभी भी महत्वपूर्ण नहीं हो सकता है नेपाल की भारत से खुली सीमा है अतः चिंता और ज्यादा बढ़ जाती है। पुनः मधेशियों के हिंसक विरोध एवं घेराबंदी के कारण नेपाल भुखमरी नेपाल में भारत विभिन्न आवश्यक वस्तुओं तथा पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति नहीं कर पा रहा है फलस्वरूप वहाँ पर काफी किल्लत पैदा हो गई है तथा नेपाल के इस कारण भारत की आलोचना की है तथा चीन से सहायता मांगी है फलस्वरूप वहाँ पर चीन का हस्तक्षेप बढ़ सकता है जो कि भारत के लिए चिंताजनक है।

साथ ही नेपाली राजनीतिक दलों द्वारा मधेशियों के कारण भारत पर आरोप लगाए जा रहे हैं जो कि वैश्विक स्तर पर भारत की छवि के प्रतिकूल है और भारत UN सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट हेतु महत्वपूर्ण दावेदार है

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

साथ ही भारत के लिए पड़ोसी सम्प्रभु चीनी निकटता भारत के लिए खतरनाक है तथा नेपाल भी खतरनाक अतः एक दुविधा उपस्थित हो जाती है

अतः इस विषय में भारतीय नेतृत्व को उचित, शांतिपूर्ण हल के लिए नेपाल सरकार से हल का प्रयास करना चाहिए ताकि उचित समाधान निकल सके। चीनी पड़ोसियों के अधिकार भी सुरक्षित रहें। नेपाल की सफलता की नई इबारत लिखे।

17. India continues to host a large population of refugees without being a signatory to either the 1951 United Nations Refugee Convention or its 1967 Protocol. What are the reasons and implications of such a scenario? Is it time for India to reconsider its stand and become a signatory to this convention?

भारत संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी कन्वेंशन 1951 या इसके 1967 के प्रोटोकॉल का हस्ताक्षरकर्ता न होते हुए भी शरणार्थियों की एक बड़ी संख्या निरंतर स्वीकार कर रहा है। ऐसे परिदृश्य के कारण और निहितार्थ क्या हैं? क्या यह भारत हेतु अपने रूख पर पुनर्विचार करने और इस कन्वेंशन का हस्ताक्षरकर्ता बनने का समय है?

भारत व्यापक रूप या वैश्विक शरणार्थियों का महत्वपूर्ण गंतव्य बना हुआ है जिसे हम बांग्लादेशियों के विषय में देख सकते हैं।

यहां तक इसके कारण की बात है हम निम्न बिंदुओं में देख सकते हैं :-

(1) चूंकि भारत सदैव वैश्विक शांति का पक्षधर रहा है तथा मानव कल्याण को सर्वोच्च स्थान दिया है अतः यहां आने वाले लोगों को शरण दी जाती है

(2) भारत मानवीय पहलुओं को ध्यान में रखते हुए ऐसा करता है

(3) यहां वसुधैव कुटुम्बकम् एवं सर्वधर्मसमभाव की भावना को ध्यान में रखते हुए भारत ऐसे

इस उठा रहा है जिसे रोज हिंदू, सिख, मुस्लिम शरणार्थियों के निर्णय में देखा सकते हैं

(4) विश्वास की धर्मनिरपेक्ष, समानतावाद, सामाजिक न्याय अवधारणा के मार्ग हेतु।

जहाँ तक नीतियों पर प्रश्नचिह्न कोई भी बात है इसके लिए हमें भारत की परिस्थितियों को भिन्न नजरिये से परखना होगा

(1) शरणार्थियों के कारण असम भी इसका दृष्टान्त अर्थात् जहाँ पर जन समस्या के कारण जनजातीय संघर्ष, पहचान संकट आदि पैदा हो रहे हैं

(2) भारत इस दुनिया के ~~[illegible]~~ दूसरा सबसे अधिक जनसंख्या रखने वाला देश है अतः अन्य प्रवासियों की संख्या और बढ़ सकती है जिससे संसाधनों पर दबाव और बढ़ जाएगा

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(3) इससे भौतिक असमानता एवं विषमता में गहनता के नया तरह का खतरा पैदा हो सकता है

(4) भौतिकवाद जैसी धारणाएं बढ़ सकती हैं

अतः इसके सम्बन्ध में कोई जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए तथा वैश्विक स्तर पर संयुक्त राष्ट्र एवं अन्य निकायों के माध्यम से शांति बहाली का प्रयास करना चाहिए ताकि ऐसी समस्याएं कम से कम पैदा हों तथा मानवीय दृष्टिकोण से नैतिक इसके शासकीय स्वामित्व तो होने चाहिए लेकिन व्यापार इसका के साथ। अतः विधि पर बनी और निर्णय लेना चाहिए।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

18. Has India's resistance to CTBT lost relevance? Examine in view of the evolution of India's policy and the changing global scenario.
क्या सी.टी.बी.टी. पर भारतीय प्रतिरोध अप्रासंगिक हो चुका है? भारतीय नीति के विकास और परिवर्तनशील वैश्विक परिदृश्य के दृष्टिकोण से कथन की जांच कीजिए।

सी.टी.बी.टी अर्थात "व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि" जिसमें सभी प्रकार के परमाणु परीक्षणों पर ~~प्रतिबंध~~ सभी जगह अर्थात नभ, थल, जल इत्यादि में रोक लगाई गई है।

भारत ने अभी तक सी.टी.बी.टी. पर हस्ताक्षर नहीं किए है क्योंकि

(1) भारत को भेदभाव पूर्ण मानता है क्योंकि यह P-5 को कई छूट देती है।

(2) भारत के पड़ोस में चीन तथा पाकिस्तान परमाणु बम सम्पन्न है अतः न्यूनतम प्रतिरक्षा संतुलन आवश्यक है और साथ ही हमारा चीन से 1962, पाक से 1965, 1971, 1999 में विवाद हो चुका है अतः दोनों सामने खतरा बरकरार है

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(3) भारत ने पहले से ही पहले परमाणु बम इस्तेमाल न करने की नीति घोषित कर रखी है।

(4) भारत ~~निरस्त्र~~ पूर्णतः निरस्त्रीकरण में विश्वास करता है।

अतः भारत ने अब तक इन संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं यहां तक भारतीय नीति के विकास एवं परिवर्तन शील वैश्विक हृदय की बात है भारत के लिए अब यह नीति और ज्यादा प्रासंगिक हो चुकी है क्योंकि चीन भारत को घेरने के लिए "स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स" की नीति अपना रहा है तथा पाक बार बार परमाणु हमले की धमकी देता है तथा हाल में अमेरिकी थिंक टैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तानी परमाणु जखीरा भारत से ज्यादा एवं बढ़ता जा रहा है। पाक के पास परमाणु जखीरा आतंकवादियों के हाथ भी जा सकता है अतः इसे व्यापक तैयारी की जरूरत है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

जहाँ तक हमारी विश्वसनीयता की बात है हमारे बिना सन्धि पर हस्ताक्षर किए 2008 में अमेरिका के साथ सिविल परमाणु समझौता, NSG समूह द्वारा ऐतिहासिक आदि छूट हमारी नीति को उचित ही ठहरा रहे हैं।

अतः हमें पूर्ण निशस्त्रीकरण की हमारी नीति पर कायम रहना चाहिए तथा कभी हस्ताक्षर नहीं करने चाहिए लेकिन हमें वैश्विक विश्वसनीयता को बढ़ाने हेतु और प्रयास करने चाहिए।

19. "Despite being set up more than a decade ago, Mekong- Ganga Cooperation has remained a non-starter." Do you agree? Give reasons for your answer. Discuss the potential of this cooperation for India.

"अपनी स्थापना के एक दशक से अधिक समय पश्चात् भी, मेकांग-गंगा सहयोग का आरम्भ नहीं हो सका है। क्या आप सहमत हैं? अपने उत्तर के लिए तर्क दीजिए। भारत हेतु इस सहयोग की अन्तर्निहित संभावनाओं पर चर्चा कीजिए।

2000 में स्थापित मेकांग-गंगा सहयोग एशिया की दो बड़ी महत्वपूर्ण नदियों गंगा एवं मेकांग के बेसिन में अवस्थित भारत, म्यांमार, लाओस, कंबोडिया, वियतनाम, थाईलैण्ड का एक क्षेत्रीय सहयोग संगठन है। जिसमें पर्यटन, शिक्षा, ऊर्जा, परिवहन क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं निहित हैं।

जहाँ तक सहयोग की बात है यह संगठन अभी तक पूर्णतः सफल नहीं कहा जा सकता है क्योंकि आज भी भारत का इस क्षेत्र के साथ व्यापारिक संबंध में बहुत कम व्यापार होता है यदि हम ऐसा होने के कारणों की तरफ जाए तो हम पाते हैं कि उत्तर पूर्व भारत जो इस क्षेत्र का प्रवेश द्वार हो सकता है वहां अभी भी आधारभूत सुविधाओं का अभाव है

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

म्यांमार लेकर ग्रामण तक सैन्य शासन के अधीन, इन राष्ट्रों के आपसी विवाद भी इस तरह उचित क्रियान्वयन न होने के प्रमुख कारण रहे हैं। साथ ही इन्होंने लुक ईस्ट नीति पर भी व्यावहारिकता पर ज्यादा कार्य किया नहीं है। परन्तु इन राष्ट्रों में बौद्ध धर्म का व्यापक प्रभाव है अतः भारत बौद्ध पर्यटन का हब बन सकता था लेकिन पर्यटन आंकड़े बताते हैं हम ऐसा नहीं कर पाए हैं।

जहाँ तक भारत के लिए निहितार्थों की बात है पर सिक्किम भारत के लिए आसियान का प्रवेश द्वार, ~~बन सकता~~ बौद्ध पर्यटन का केन्द्र बन सकता है भारत अपनी ऊर्जा जरूरतें यथा म्यांमार तेल एवं गैस सम्पन्न है ~~अतः~~ साथ ही भारत का नवोदित पिछड़ा क्षेत्र पूर्वोत्तर राज्य सिक्किम के माध्यम से भारत के विकास का द्वार बन सकता है तथा इस

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

सहयोग नियम को गैरपारम्परिक मुद्दों यथा आतंकवाद, तस्करी, इत्यादि में विस्तार करते हैं।

अतः भारत द्वारा हाल ही में उठाए गए कदम यथा कालादान मल्टीमॉडल प्रोजेक्ट, भारत-म्यांमार-थाइलैंड महामार्ग, लुक ईस्ट की जगह एक्ट ईस्ट की नीति की घोषणा से जारी डोनर आपदा राहत जैसे कार्य इन्हें साथ होने में आगे बढ़ा सकते हैं।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

20. The success of the India Africa Forum Summit as well as the future of India-Africa relations not only depends on India's ability to develop an attractive and sustainable approach to Africa, but also on the willingness of African leaders to look beyond Beijing when partnering up with foreign investors. Discuss.

भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन की सफलता और साथ ही साथ भारत-अफ्रीका के संबंधों का भविष्य न केवल अफ्रीका के लिए आकर्षक और संधारणीय दृष्टिकोण विकसित करने की भारत की क्षमता पर निर्भर करता है, वरन् विदेशी निवेशकों के साथ साझेदारी में अफ्रीकी नेताओं की बीजिंग से परे देखने की तत्परता पर भी निर्भर है। चर्चा करें।

हाल ही में दिल्ली में आयोजित भारत अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन द्वारा लिए आशा की नई किरण लेकर आया है। अफ्रीका के 54 राष्ट्रों में से उच्च राष्ट्रों अथवा नाइजीरिया घाना आदि की वृद्धि दर पिछले 8-10% तक रही है अतः भारत के लिए नए अवसर की तरह है लेकिन अफ्रीका के संदर्भ में सभी राष्ट्रों की प्रतिस्पर्धा में भारत एवं चीन की प्रतिस्पर्धा महत्वपूर्ण रही है।

चीन द्वारा अफ्रीका में व्यापक निवेश किया गया है चीन द्वारा ऊर्जा, खनन, आधारभूत ढांचे में लगभग 90 मिलियन डॉलर का निवेश किया जा चुका है तथा चीनी तेल, गैस कंपनियों द्वारा कई महत्वपूर्ण

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

प्रोफेसर तीव्रता से साल रही है अतः मधुमेह रोगों का एक विश्व प्रमुख चीन ही बनता रहा है

इसी तरह भारत स्वास्थ्य मधुमेह में अभी तक 20 लाख डालर है इनके पास निवेश किया गया है तथा भारतीय व्यापार भी 90 लाख डॉलर ही रहा है (चीन 200 लाख डॉलर) साथ ही भारत स्वास्थ्य मधिरता निवेश क्षमता निर्माण, मानव विकास विकास, शिक्षा लोकतांत्रिक मजबूती में किया गया है

अतः वास्तव में देखा जाए तो भारतीय निवेश गुणात्मक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है साथ ही अफ्रीकी देशों से दिल्ली सम्मेलन में दी गई रियायतें भी महत्वपूर्ण है।

लेकिन भारत अफ्रीकी निवेश बहुत दूर तक अफ्रीकी देशों की तोड़ पा भी नहीं है भारत गांधी नेहरु, गुटनिरपेक्षता की वजह से अफ्रीका के निकट मित्र रहा है अतः

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

समाधान: कृषि हितधारकों के भविष्य में भारत कृषि क्षेत्र को आगे बढ़ने की संभावना है जिसकी सफल [illegible] हम कृषि राज्यों/ समस्याओं के समाधानों को देख सकते हैं।

VISION IAS

www.visionias.in

VISION IAS
M
N
27 NOV 2015
SUBMITTED IN 3 HOURS
RECEIVED

GENERAL STUDIES (TEST CODE : 638)

Name of Candidate	PREMSUKH DELU		
Medium Hindi/Eng.	HINDI	Registration Number	15301
Center	Delhi	Date	27/11/15

INDEX TABLE

Q. No.	Maximum Marks	Marks Obtained
1(a)	10	
1(b)	10	
2(a)	10	
2(b)	10	
3(a)	10	
3(b)	10	
4(a)	10	
4(b)	10	
5(a)	10	
5(b)	10	
6	10	
7	10	
8	10	
9	20	
10	20	
11	20	
12	20	
13	20	
14	20	

Total Marks Obtained:

Remarks:

Signature of Examiner

INSTRUCTIONS

1. Do furnish the appropriate details in the answer sheet (viz. Name, Registration Number and Test Code).
उत्तर पुस्तिका में सूचनाएं भरना आवश्यक है (नाम, प्रश्न-पत्र कोड, विद्यार्थी क्रमांक आदि)।
2. There are FOURTEEN questions printed in HINDI and ENGLISH.
इसमें चौदह प्रश्न हैं तथा हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपे हैं।
3. All questions are compulsory.
सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
4. The number of marks carried by a question/part is indicated against it.
प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।
5. Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate, which must be stated clearly on the cover of this Question-Cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other that the authorized one.
प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश पत्र में किया गया है और उस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यूसीए) पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिए गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।
6. Word limit in questions, if specified, should be adhered to.
प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।
7. Any page or portion of the page left blank in the Question-Cum-Answer Booklet must be clearly struck off.
उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

75, 3rd Floor, Old Rajinder Nagar Market, Near Axis Bank, New Delhi – 110060

103, 1st Floor, B/1-2, Ansal Building, Behind UCO Bank, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi – 110009

EVALUATION INDICATORS

1. Alignment Competence
2. Context Competence
3. Content Competence
4. Language Competence
5. Introduction Competence
6. Structure - Presentation Competence
7. Conclusion Competence

Overall Macro Comments / feedback / suggestions on Answer Booklet:

1.

2.

3.

4.

5.

6.

All the Best

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें।)

SECTION – A

Answer the following questions in not more than 150 words each:

1. **(a)** What is the role of education in bringing about social change? Discuss in the context of India with relevant examples. 10

सामाजिक परिवर्तन लाने में शिक्षा की क्या भूमिका है? प्रासंगिक उदाहरणों के साथ भारत के संदर्भ में चर्चा करें।

सामाजिक परिवर्तन लाने के विषय में शिक्षा की भूमिका

- समाज की विभिन्न बुराइयों की जड़ अशिक्षा है अतः शिक्षा को व्यापकता प्रदान कर समाज के विभिन्न अंधविश्वासों, रूढ़िवादियों को दूर किया जा सकता है
- समाज में वंचित तबकों यथा दलित, पिछड़ों के प्रति फैले पूर्वाग्रहों को शिक्षा के माध्यम से दूर किया जा सकता है
- समाज में शिक्षा के प्रसार से जातिवाद टूटने के ~~विभिन्न~~ उदाहरण भारत में शहरी जीवन में देख सकते हैं वहां जाति बंधन कमजोर है
- शिक्षा बढ़ने के साथ अंतर्जातीय विवाह, सगोत्र विवाह भी देखे

होने बढ़े हुए दिखाई देते है।

- शिक्षा, जनजागरूकता बढ़ने से ~~[illegible]~~, सती प्रथा, बाल विवाह जैसे कुछ अपराध घटे है।
- शिक्षा की वजह से अधिकतर सरकारी कार्य और विकास कार्य उन क्षेत्रों में बेहतर सफल रहे हैं जहाँ शिक्षा का स्तर बेहतर है। बजाय कमजोर शिक्षा स्थिति वाले जैसे केरल में ज्यादा सफल बिहार की तुलना में।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें।)

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

1. (b) Where the roots of private virtues are diseased, the fruits of public probity cannot but be corrupt. Discuss this statement in the context of civil services in India. 10

जहाँ निजी सद्गुणों की जड़ें व्याधिग्रस्त होती हैं, वहाँ सार्वजनिक सत्यनिष्ठता (पब्लिक प्रोबिटी) का लाभ/प्रतिफल नहीं मिलता, बल्कि इसका पतन होता है। भारत में सिविल सेवाओं के संदर्भ में इस कथन पर चर्चा करें।

सार्वजनिक सत्यनिष्ठा का आशय अपने सार्वजनिक आधिकारिक कर्तव्य का ईमानदारी पूर्वक निर्वाह करना। अतः हम देखते है कि इन सत्यनिष्ठा की जड़े ईमानदारी, दया, निष्पक्षता, और सद्गुणों से जुड़ी हुई है।

अतः हम कई उदाहरणों से पाते है कि जहां व्यक्तिगत सद्गुण कमजोर होते है वहां सार्वजनिक सत्यनिष्ठा भी कमजोर होती है क्योंकि सार्वजनिक पदों पर बैठे लोग भी तो उसी समाज का हिस्सा होंगे।

साथ ही सार्वजनिक सत्यनिष्ठा को प्रेरित करने वाले नियम कानून, कायदों के साथ साथ अंतरात्मा भी महत्वपूर्ण स्रोत होती है निजी सद्गुणों के अभाव में

